संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
21 नवंबर 2024, गुरुवार
पृष्ठ-08 मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 56
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### शीतकालीन सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली ।** वक्फ संशोधन विधेयक का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। इसमें केंद्र और राज्यों के वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने की दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रही है। यह विधेयक वक्फ बोर्डों के गठन और उनके कामकाज में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण बदलावों का प्रस्ताव रखता है।

# एग्जिट पोल : झारखंड और महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकारें बनने की संभावना

## झारखंड में एनडीए को 42-47, इंडी एलायंस को 25 से 30 और अन्य को 1 से 4 सीटें मिल सकती हैं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव से जुड़ी मतदान प्रक्रिया आज पूरी हो गई। इसके बाद विभिन्न सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल सामने आए हैं। इनमें से ज्यादातर महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की महाराष्ट्र और भाजपा के ही नेतृत्व वाले एनडीए की झारखंड में जीत के दावे कर रहे हैं।

एग्जिट पोल के महाराष्ट्र से जुड़े सर्वे बता रहे हैं कि 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 150 के करीब सीटें मिल सकती हैं। झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को बहुमत से जुड़ा 41 का आंकड़ा प्राप्त करने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी।

न्यूज़ 18-मैट्रिक्स के अनुसार महाराष्ट्र में महायुति को 150 से 170, कांग्रेस के नेतृत्व वाले महाविकास आघाड़ी को 110 से 130 और अन्य को 8 से 10 सीटें मिल सकती हैं। न्यूज़-24-चाणक्य के सर्वे के अनुसार महायुति को 150 से 160, आघाड़ी को 130 से 138 और अन्य को 6 से 8 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल्स-पल्स के मुताबिक महायुति 175 से 195, आघाड़ी 85 से 112 और अन्य 7 से 12 सीटें ले सकते हैं। इलेक्टोरल-एज के सर्वे में महायुति को 118 और आघाड़ी को 150 तथा अन्य को 20 सीटें दी गई हैं। पी-मार्क ने महायुति को 137-157, आघाड़ी को 126-146, अन्य को दो से आठ वहीं पोल डायरी के मुताबिक क्रमशः 122 से 186, 59 से 121 और 12 से 29 सीटें मिल सकती हैं। झारखंड में न्यूज़ 18-मैट्रिज के मुताबिक एनडीए को 42-47, इंडी एलायंस को 25 से 30 और अन्य को 1 से 4 सीटें मिल सकती हैं। पीपल-पल्स के मुताबिक एनडीए को 44 से 53, इंडी एलायंस को 25 से 37 और अन्य को 5 से 9 सीटें मिल सकती हैं। जेवीसी के सर्वे के मुताबिक एनडीए को 40 से 44, इंडी एलायंस को 30 से 40 और अन्य को एक सीट मिल सकती है।

| पार्टी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 150-170 | 110-130 | 08-10 |
| पी- एमएआरक्यू | 137-157 | 126-146 | 02-8 |
| चाणक्य स्ट्रैटेजीस | 152-160 | 130-138 | 06-8 |
| पीपुल्स पल्स | 175-195 | 85-112 | 07-12 |
| पोल डायरी | 122-186 | 69-121 | 12-29 |
| लोकशाही मराठी-रुद्र | 128-142 | 125-140 | 18-23 |
| इलेक्टोरल एज | 118 | 150 | 20 |
| टाइम्स नाऊ जेवीसी | 150-167 | 107-125 | 13-14 |
| एसएएस | 127-135 | 147-155 | 10-13 |

| पार्टी | झामुमो+ | भाजपा+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 25-30 | 42-47 | 1-4 |
| पीपुल्स पल्स | 25-37 | 44-53 | 5-9 |
| चाणक्य स्ट्रैटेजीस | 35-38 | 45-50 | 3-5 |
| पी-एमएआरक्यू | 37-47 | 31-40 | 1-6 |
| एक्सिस माय इंडिया | 49-59 | 17-27 | 1-6 |
| टाइम्स नाऊ-जेवीसी | 38 | 42 | 1 |

# झारखंड में दूसरे चरण में 38 सीटों पर 67.59 प्रतिशत मतदान

## 528 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद, फैसला 23 को



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार की शाम पांच बजे शान्तिपूर्ण संपन्न हो गया। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक करीब 67.59 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इसके साथ 528 उम्मीदवारों की किस्मत भी इवीएम में बंद हो गई। अब किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा, इसका फैसला 23 नवंबर को होगा। सबसे ज्यादा वोटिंग जामताड़ा में 76.16 फीसदी जबकि बोकारो में सबसे कम 60.97 फीसदी मतदान हुआ है।

इससे पहले के चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर हुए चुनाव में कुल 683 उम्मीदवारों की किस्मत भी इवीएम में बंद हो चुकी है। दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे 528 उम्मीदवार में 472 पुरुष और 55 महिला उम्मीदवार हैं। एक जेंडर उम्मीदर भी चुनावी अखाड़े में है। राष्ट्रीय दल से 73 प्रत्याशी हैं, जिनमें 60 पुरुष और 13 महिलाएं हैं। मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों के 28 उम्मीदवार भी चुनावी रण में हैं। इसमें 23 पुरुष और पांच महिला उम्मीदवार शामिल हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या 257 है।अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को शाम पांच बजे तक 12 जिलों की 38 सीटों पर 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### दूसरे चरण की 38 सीटों पर मतदान प्रतिशत

महेशपुर-79.4, नाला-78.75, सारठ-77.94, सिल्ली-76.7, मधुपुर-75.72, पाकुड़-75.05 शिकारीपाड़ा-74.31, जामताड़ा-74.21, लिट्टीपाड़ा-73.05, गांडेय-72.83, चंदनक्यारी-72.13, रामगढ़-71.98, जामा-71.27, जरमुंडी-71.22, टुंडी-71.12, सिंदरी-70.87, डुमरी-70.7, दुमका-70.39, निरसा-70.25, खिजरी-69.2, गोड्डा-68.39, पोड़ैयाहाट-68.35,गोमिया-67.68, गिरिडीह-67.12, बरहेट-66.13, देवघर-65.76, बोरियो-65.72, राजमहल-65.25, महगामा-65.11, बगोदर-64.99, मांडू-64.41, बाघमारा-64.01, बेरमो-63.58, धनवार-60.87, जमुआ-60.06, झरिया-55.23, धनबाद-52.31 तथा बोकारो में 50.52 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

दूसरे चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री सुदेश महतो, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो सहित चार कैबिनेट मंत्रियों इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी की किस्मत का फैसला होगा। इनके अलावा कल्पना सोरेन, सीता सोरेन, लुईस मरांडी और लोबिन हेंब्रम पर भी सभी की नजरें टिकी होंगी। दूसरे चरण में 11 पूर्व मंत्री भी चुनावी अखाड़े में हैं। स्टीफन मरांडी, हेमलाल मुर्मू, बसंत सोरेन, लुईस मरांडी, बादल पत्रलेख, रंधीर सिंह, सुरेश पासवान, प्रदीप यादव, जेपी पटेल, मथुरा महतो और जलेश्वर महतो की भी किस्मत का फैसला होगा।

# महिला हॉकी टीम ने देश को किया गौरवान्वित : मांडविया

**एजेंसी**



**पटना ।** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर में संपन्न एशिया महिला हॉकी चैम्पियन्स टॉफी के फइनल में आज खेले गए मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हरा दिया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि महिला एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर हमारी महिला हॉकी टीम ने देश को गौरवान्वित किया है। इस शानदार जीत पर पूरी टीम को बधाई।

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा कि खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना है कि जब भारत 2047 में अपनी आजादी के शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा होगा, तब देश खेल जगत में दुनिया के टॉप-5 देशों में शामिल हो।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें विश्वस्तरीय कोचिंग दी जा रही है। खिलाड़ियों को नेशनल और इंटरनेशनल एक्सपोजर देने के अवसर दिए जा रहे हैं। मांडविया ने कहा कि दुनिया के अच्छे कोच लाकर इंडिया के प्लेयर को अच्छी ट्रेनिंग दिलाने की व्यवस्था हो रही है। जिस तरह स्पोर्ट्स में बदलाव आया है।

इससे पहले खेल मंत्री मांडविया ने ज्ञान और मोक्ष की भूमि गया के विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में पूजा अर्चना कर देश की तरक्की की कामना की। उनके साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी विष्णुपद मंदिर में दर्शन किया।

**भारतीय टीम का प्रतियोगिता में सफर:**

बिहार के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का पहले सेमीफाइनल में चीन ने मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश पाया था। दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने जापान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। भारत ने अजेय रहते हुए लीग मुकाबले में सभी मैच जीते। लीग मुकाबले में भारत ने जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड और चीन को हराया।

## दूसरे चरण में कई दिग्गज नेताओं ने किया मतदान

































## चुनाव क्षेत्र

### द्रौपदी के चीरहरण की चर्चा

**अशोक कुमार**

संताल परगना में चुनावी संग्राम बड़ा ही दिलचस्प रहा। गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट विधानसभा में भाजपा से टिकट के लिए सशक्त दावेदार थी इस क्षेत्र में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भाजपा नेत्री व राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष से लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन के प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह सबों ने लगभग पांच महीने पूर्व इन्हें चुनाव की तैयारी करने का आश्वासन दे दिया था। इन नेताओं से ग्रीन सिगनल मिलने के बाद वह अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गयीं। जब टिकट की घोषणा हुई तो इन्हें टिकट नहीं मिला। ममता कुमारी टिकट नहीं मिलने से दुखरी होकर प्रदेश के नेताओं के पास जाकर यह आरोप लगाया कि जब आपलोगों को मुझे टिकट नहीं ही देना था तो मुझे झूठा आश्वासन आखिर क्यों दिया गया? सूत्र बताते हैं कि सांसद निशिकांत दुबे ने उनके नाम का विरोध किया था इसलिए केंद्रीय चुनाव समिति ने उनका नाम अंतिम समय में काट दिया गया। ज्ञात हो पोड़ैयाहाट सीट पर ममता कुमारी के पति स्व प्रशांत मंडल और उसके पहले सूरज मंडल तीन बार विधायक और सांसद रह चुके हैंये दोनों नेता बनिया रहे हैं। सांसद निशिकांत दुबे ने यह तर्क दिया कि गोड्डा जिला के तीनों सीट पर बनिया को टिकट देना उचित नही रहेगा। पोड़ैयाहाट के चुनावी क्षेत्र में इस बात की चर्चा हो रही है कि ममता को टिकट से वंचित कर आखिर द्रौपदी का चिरहरण किया गया है।

## हेमंत सरकार गई, बनेगी भाजपा-एनडीए की सरकार : बाबूलाल

**संवाददाता**



**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड विधानसभा का चुनाव संपन्न हो गया, इसके लिए प्रदेश के मतदाताओं को आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जा रही है और भाजपा-एनडीए की सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनता ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। लोगों ने चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मजबूत सरकार और विकसित झारखंड बनने के लिए लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया है। मरांडी बुधवार को हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

## जनता ने आकांक्षाओं आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया : हेमन्त

**संवाददाता**



**रांची ।** चुनाव संपन्न होने के बाद हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखण्ड के निर्माण का संकल्प है।

सोरेन ने कहा कि बुजुर्ग, युवा, श्रमिक , महिला, किसान सभी ने उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व आशीर्वाद दिया। खासकर, राज्य की आधी आबादी हमारी मंईयां ने बढ़-चढ़कर अपने हक अधिकार, मान और सम्मान के लिए ऐतिहासिक रूप से झामुमो और इंडिया गठबंधन को अपना असीम आशीर्वाद दिया।




# संथाल परगना में बंपर वोटिंग सत्ता परिवर्तन का संकेत या मंइया योजना को मिला सम्मान!

## 23 नवम्बर को खुलेगा मतदान प्रतिशत बढ़ने का राज

**सुमन सिंह**

**दुमका ।** दूसरे चरण के मतदान में राज्य के अन्य सीटों की तरह ही संताल परगना के सभी 18 विधानसभा क्षेत्रों में बंपर वोटिंग हुई है।चुनाव आयोग ने जो मतदान प्रतिशत जारी किया है,उससे पता चलता है कि 2019 की तुलना में अधिकांश सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ा है।दुमका में ही 2019 के चुनाव की तुलना में मतदान करीब 5 प्रतिशत बढ़ गया है।जामा विधानसभा क्षेत्र में 2019 में जहां 69.50 प्रतिशत वोटिंग हुई थी,इस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ कर 71.27 प्रतिशत हो गया।जरमुंडी में मतदान प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में लगभग समान है।पर शिकारीपाड़ा में मतदान प्रतिशत में रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। इस विधानसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत 73.25 था जो इस चुनाव में बढ़ कर 74.31 प्रतिशत हो गया।संताल परगना के दूसरे जिलों में भी मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

संताल परगना की सीटों पर सुबह से बूथों पर वोटरों की लंबी कतार रही।शहरी क्षेत्र की अपेक्षा गांवों में मतदान केंद्रों पर अधिक संख्या में मतदाता उमड़े।युवाओं और महिला वोटरों के बीच अधिक उत्साह दिखा।नौकरी और पेपर लीक मामले को लेकर युवाओं में आक्रोश था।इस चुनाव में भाजपा ने जिस तरह से बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा और बंटोगे तो कटोगे जैसा नारा उछाला था, इससे कई विधानसभा क्षेत्रों में वोटरों की गोलबंदी हुई थी।चुनाव में वोटरों का यह उत्साह और मतदान प्रतिशत में यह बढोत्तरी का कई मायने मतलब निकाले जा रहे हैं।एनडीए के लोग इसे सत्ता परिवर्तन का संकेत मान कर चल रहे हैं।जैसा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने एक बयान में कहा कि जनता की आंखों में परिवर्तन की ललक थी।झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए जनता भाजपा को वोट किया है।दूसरी ओर झामुमो-कांग्रेस नेताओं का मानना है कि झारखंड की जनता ने सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित हो कर इंडी गठबंधन के पक्ष में जम कर मतदान किया है।मंइया सम्मान योजना और बिजली माफी योजना हेमंत सरकार की लोकप्रिय योजना है जो चुनाव के दौरान काफी चर्चित हुआ।मतदान केंद्रों पर महिला वोटरों के उमड़ने की बड़ी वजह मइया सम्मान योजना भी मानी जा रही है।23 नवम्बर को मतगणना है।ईवीएम खुलने पर ही यह साफ होगा कि चुनाव में हुई बंपर वोटिंग सत्ता परिवर्तन का संकेत था कि मंइया योजना को महिला वोटरों द्वारा दिया गया सम्मान।

# झारखंड विस चुनाव के दूसरे चरण में कई दिग्गज नेताओं ने किया मतदान









**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को 38 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। इस चरण में कई दिग्गज नेताओं ने वोट डाला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को अपने गांव तिसरी प्रखंड के कोदाईबांध में स्थित बूथ पर मतदान किया।

वोटिंग से पहले बाबूलाल मरांडी मंदिर गए और बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण किया। पूजा-अर्चना करने के बाद अपनी माता का आशीर्वाद लेते हुए बूथ केंद्र पहुंचे और मतदान किया। वोटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पहले चरण के बाद दूसरे चरण के मतदान की जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार झारखंड की जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। प्रदेश में एनडीए गठबंधन की सरकार बन रही है। एनडीए के समर्थन में जन समर्थन दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लोग हेमंत सोरेन सरकार की कार्यशैली से लोग खासे नाराज भी हैं।

देवघर में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने दावा किया झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ उनकी सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले बार भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने जा रही है।

पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री और महेशपुर झामुमो के प्रत्याशी स्टीफन मरांडी ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में 18 में 16 सीटें जीतेंगे। दुमका में नलिन सोरेन ने वोट डाला। उन्होंने कहा कि झारखंड में उनकी ही सरकार बनेगी। मतदान के बाद नलिन सोरेन ने कहा कि वे हमेशा से ही सबसे पहले वोट करने वालों में से एक रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में एक बार फिर उनकी सरकार बनने जा रही है।

गोड्डा में महगामा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि अपने घरों से बाहर निकलें और मतदान करें। आपका एक वोट लोकतंत्र को सशक्त बना सकता है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बोकारो इंप्लाइज कोऑपरेटिव हाउस कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड के कार्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 198 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में विकास के नाम पर वोट मांगा गया है और झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए विकास किया गया है, उसी के आधार पर जनता फिर से हमें चुन रही है और हमारी सरकार बन रही है।

गिरिडीह विधानसभा सीट पर जेएमएम प्रत्याशी सुदिव्य कुमार ने मतदान किया। पत्नी के साथ सुदिव्य कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग किया।

बोकारो विधायक सह एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने बूथ संख्या 131 आदर्श उच्च विद्यालय सोनाटांड़ में मतदान किया। इस दौरान उनकी पत्नी नीना नारायण भी मौजूद थी। उन्होंने कहा कि जनता मुझ पर विश्वास करती है। जनता के साथ मेरा रिश्ता बहुत ही अच्छा है। इस कारण मुझे पूरी उम्मीद है कि मुझे जनता का प्यार मिलेगा और जीत होगी।

# सबके सहयोग से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : के रवि कुमार

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतदानकर्मी इवीएम मशीन के साथ लौट रहे : एवी होमकर




**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सबके सहयोग से दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। शाम पांच बजे तक लगभग 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। वोटर टर्नआउट की रिपोर्ट रात 11 बजे तक संभावित है, जबकि एंड ऑफ पोल की मुकम्मल रिपोर्ट गुरुवार दोपहर तक आएगी। इवीएम मशीन गुरुवार दोपहर बाद तक स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील कर दी जाएंगीं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में बुधवार को पांच केस दर्ज किये गये हैं और एक पर केस दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। श्री कुमार बुधवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि मतदान की समाप्ति के बाद मतदानकर्मी इवीएम मशीन के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी में अपने-अपने गंतव्य पर लौट रहे हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव में 891 बूथ नक्सलियों को लेकर संवेदनशील थे। वहीं 6828 बूथ क्रिटिकल कैटेगरी में थे। इसे लेकर 585 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की गयी थी। उसके साथ 60 कंपनी राज्य सशस्त्र बल की भी थी। इसके अलावा होमगार्ड और राज्य पुलिस के 26 हजार अतिरिक्त जवानों को लगाया गया था। नक्सलियों से जुड़े इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवान लगातार सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर बंगाल और बिहार से जुड़ी सीमा को सील कर दिया गया था। वहां 114 नाका बनाये गये थे। बिहार और बंगाल ने भी सहयोग करते हुए अपने सीमा क्षेत्र में 124 नाका बनाये थे। इस दौरान 115 अवैध आग्येनास्त्र और 1800 कारतूस जब्त किये गये हैं। उसके साथ 34 हजार लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गयी है। पूरे चुनाव के दौरान सिर्फ राज्य पुलिस ने 163 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की है। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 207.36 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गांडेय विधानसभा सीट पर मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाया



**संवाददाता**

**रांची ।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने गांडेय विधानसभा सीट पर मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाया है।उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में आरोप लगाते हुए लिखा कि यहां पर कई जगह मुस्लिम समाज की महिलाएं समूह में मतदान कर रही हैं। अपने आरोप के समर्थन में अन्नपूर्णा देवी ने एक वीडियो भी शेयर किया।सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए केंद्रीय मंत्री ने लिखा, गांडेय विधानसभा के डोकीडीह प्रखंड में बूथ संख्या 282 पर प्रशासन के सहयोग से अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं से समूह में मतदान करवाया जा रहा है जो गुप्त मतदान के नियमों का सरासर उल्लंघन है। ऐसी ही अनियमितताएं अनेक स्थानों पर दिख रही हैं। चुनाव आयोग तत्काल संज्ञान ले।इस पोस्ट के साथ उन्होंने जो वीडियो शेयर किया उसमें तीन महिलाएं एक साथ वोट देकर पोलिंग बूथ से बाहर आती नजर आ रही हैं।

## बाबुलालपर आचार संहिता उल्लंघन करने का झामुमो ने लगाया आरोप

### सीईओ को शिकायत पत्र दे की जांच की मांग



**संवाददाता**

**गिरिडीह ।** धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बाबुलाल मराण्डी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए झामुमो के महासचिव-सह-प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी से एक शिकायत की है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने गिरिडीह के जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी से किये शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बाबुलाल मराण्डी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है, और यह मतदाता के तौर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का भी उल्लंघन है। कहा है कि बाबुलाल मराण्डी द्वारा अपने मतदान केंद्र पर तस्वीर खिंचवाने के बाद उसे वायरल किया गया। सुप्रियो ने कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के तहत किसी भी उम्मीदवार को मतदान करते समय अपनी तस्वीर या वीडियो सार्वजनिक नहीं करने का अधिकार होता है।

# रामगढ़ में जमकर हुई वोटों की बारिश



**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को हुए मतदान में जमकर वोट की बारिश हुई है। मतदाता सुबह 6ः00 बजे से ही वोट डालने के लिए आतुर दिखे। शाम 5ः00 बजे तक मतदाताओं की कतार बूथ पर लगी रही। 17 उम्मीदवारों के लिए जनता ने दिल खोलकर मतदान किया है। मतदान का यह प्रतिशत किसकी किस्मत चमकाएगा और किसकी किस्मत में हार लिखेगा, यह तो 23 नवंबर को तय होगा लेकिन जिस तरह मतदाता घर से बाहर निकले, उन्होंने इस चुनाव को असली उत्सव बना दिया है। लोकतंत्र के इस त्यौहार में जनता का हुजूम देख प्रत्याशी और चुनाव कार्य में लगे अधिकारी भी चकित रह गए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी, आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी और जेएलकेएम उम्मीदवार पनेश्वर महतो के बीच कड़ी टक्कर होती दिखाई दे रही है।

# गिरिडीह के 86 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बन्द

**संवाददाता**

**गिरिडीह ।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में गिरिडीह जिले के सभी 6 विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में खड़े सभी 86 प्रत्याशियों की किस्मत को मतदाताओं ने ईवीएम में कैद हो गई है। प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला दो दिनों बाद 23 नवंबर को मतगणना के बाद होगा। उस दिन ही यह पता चलेगा कि मतदाताओं ने किसके माथे पर जीत का ताज पहनाया है और किसे दरकिनार कर दिया है।

लेकिन ईवीएम मशीन में उनका नाम 14वें नम्बर पर दर्ज था। वहीं गांडेय विधानसभा से 15 प्रत्याशी, गिरिडीह विधानसभा से 14, बगोदर विधानसभा से 13, डुमरी विधानसभा से 12 एवं जमुआ विधानसभा से 08 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े थे। जिनके किस्मत का फैसला तो आज मतदाताओं ने कर दिया। लेकिन उसके घोषणा 23 नवम्बर को होगी।

बुध्वार को मतदान के दौरान गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में खड़े भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी ने मकतपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्कूल स्थित बूथ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं झामुमो प्रत्याशी सुदिव्य कुमार ने अपने परिवार के साथ हरसिंगारायडीह स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया। वहीं सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने गृह क्षेत्र तीसरी प्रखण्ड के कोदाईंबांक स्थित मतदान केन्द्र संख्या 116 में अपने अनुज नुनूलाल मरांडी व पुत्र सनातन मरांडी के साथ पहुंचे और मतदान किया। जबकि भाकपा माले प्रत्याशी राजकुमार यादव गांवा के बिशनीटिकर स्थित मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जमुआ से भाजपा प्रत्याशी मंजू कुमारी एवं झामुमो प्रत्याशी केदार हाजरा ने अपने अपने बूथों पर, बगोदर विधानसभा के भाकपा माले प्रत्याशी सह विधायक विनोद सिंह, भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र महतो सहित अन्य प्रत्याशियों ने अपने अपने मतदान केंद्रों पर एवं डुमरी में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी, एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी, जेएलकेएम प्रत्याशी जयराम कुमार महतो समेत अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने अपने बूथों पर मताधिकार का प्रयोग किया।

## सांसद सीपी चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने डाला वोट, लोगों से की अपील



**रामगढ़ ।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने पूरे परिवार के साथ वोट डाला है। उन्होंने चितरपुर प्रखंड के सांडी स्थित राजवल्लभ 10 प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 200 पर अपने मत का प्रयोग किया है। मतदान के बाद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र के इस उत्सव में लोग अपनी भागीदारी निभाएं। यह भविष्य निर्माण की लड़ाई है। इसमें अपना योगदान जरूर दें। विधायक सुनीता चौधरी ने भी लोगों से वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोग मतदान केंद्र पर पहुंचे और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इस दौरान संसद के बेटे पियूष चौधरी और बेटी सोनल चौधरी ने भी वोट डला।

## झारखंड की मुख्य सचिव ने मतदान किया

**रांची ।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बुधवार को खिजरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की महिला समिति, धुर्वा बूथ संख्या 373 पर मतदान किया। मतदान केंद्र पर मुख्य सचिव सहित अन्य उपस्थित सभी मतदाताओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

## बेरमो के मतदाताओं में दिखा उत्साह

**बोकारो।** बोकारो जिले के बेरमो विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया।बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी।सुबह से ही पहले मतदान फिर जलपान पर अमल करते हुए लोग अपने-अपने बूथों पर पहुंचे। पहली बार मतदान करने वाले युवक-युवतियों में काफी उत्साह दिखा।बुजुर्ग महिला-पुरुष व दिव्यांग भी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने पहुंचे।बोकारो जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान का बूथों पर असर दिखा। बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया।इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपनी पत्नी व मां के साथ ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित मतदान केंद्र संख्या 111 पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर अपनी पसंद की ईमानदार सरकार को चुनने का काम करें।उन्होंने कहा कि बेरमो की जनता का उन्हें आशीर्वाद मिल रहा है। वहीं, एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रवीन्द्र कुमार पांडेय ने भी परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया।

## वोट बहिष्कार करने पर अड़े ग्रामीणों को अधिकारियों ने समझा-बुझाकर कराया मतदान

**रांची ।** सिरका पंचायत के मेढ़टूंगरी बूथ संख्या 130 के अंतर्गत होनेवाले सुनुआबेड़ा और मेढ़टुंगरी के ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार की घोषणा से प्रशासन घंटों परेशान रहा। वोट बहिष्कार की सूचना पर पहुंचे डीसीएलआर मुकेश कुमार, अनगड़ा बीडीओ जयपाल सोय और थाना प्रभारी हीरालाल साह ने ग्रामीणों से वार्ता की।ग्रामीणों ने कहा कि सिरका से सुनुआबेड़ा तक सड़क जर्जर है। इसके लिए 25 अगस्त को ही वोट बहिष्कार करने की घोषणा की गई थी, परंतु प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि बाद में अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर कर वोट देने के लिए तैयार किया। मौके पर मुखिया रोशन मुंडा, दुर्गा महतो सहित ग्रामीणों ने अपनी मांगों को रखा। मेढ़टुंगरी में लगभग 500 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## प्रति माह मासिक बुलेटिन का होगा प्रकाशन : चैंबर ऑफ कॉमर्स

**रांची ।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पत्रिका उपसमिति की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में हुई।प्रत्येक माह नए स्वरूप में मासिक बुलेटिन का प्रकाशन कर, सदस्यों में बांटने का निर्णय लिया गया।उपसमिति चेयरमेन मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि चैंबर गतिविधियों का प्रचार-प्रसार, नये-नये उद्यमियों से फेडरेशन का जुडाव, समन्वय, चैंबर की भावी कार्ययोजनाओं का उल्लेख और स्टेक होल्डर्स से जुड़े सरकार की नीति, पॉलिसी व नोटिसों का उल्लेख बुलेटिन में प्रमुखता से किया जायेगा। इससे हमारे सदस्य व्यापार जगत की गतिविधियों से अपडेट रहेंगे।चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू व ज्योति कुमारी ने कहा कि किसी भी संगठन में पत्रिका का निरंतर प्रकाशन अहम होता है। हमारा प्रयास होगा कि जिला स्तर पर व्यापार व उद्योग जगत की गंभीर समस्याओं का उल्लेख भी बुलेटिन में हो।इस दौरान बुलेटिन में प्रकाशन के लिए कंटेंट पर विचार, विज्ञापनों की बुकिंग भी ली गई। विज्ञापन बुकिंग में सहयोग करने की ईच्छा व्यक्त करने के लिए उपसमिति चेयरमेन मुकेश अग्रवाल ने सभी विज्ञापनदाताओं के प्रति आभार जताया।

## पीड़ित परिवार से मिले रांची महानगर कांग्रेस कमेटी एसटी विभाग के चेयरमेन

**रांची ।** कोकर खोरा टोली ओम शांति नगर निवासी, बीआईटी मेसरा के द्वितीय वर्ष छात्र की हत्या कॉलेज परिसर में हुई थी।वहीं रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम के नेतृत्व में एक टीम ने उनके परिवार से मुलाकात की। इसमें मुख्य रूप से डॉ प्रसाद पासवान (नेतरहाट पूर्व प्रिंसिपल उपाध्यक्ष एससी, एसटी, ओबीसी काउंसिल), रविन्द्र पासवान (दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी एससी मोर्चा बीजेपी पलामू वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति), चंद्रमणि धर वरिष्ठ पदाधिकारी भाजपा व जय प्रकाश समाजसेवी शामिल थे। सभी ने आश्वासन दिया कि हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे।

## धनबाद के तोपचांची के बूथ पर कुकर हुआ ब्लास्ट, बाल-बाल बची रसोइया

**धनबाद ।** तोपचांची थाना क्षेत्र के खेशमी मध्य विद्यालय (गोमो) स्थित बूथ संख्या 185 व 186 पर बुधवार को वोटिंग के दौरान रसोई घर में अचानक कुकर ब्लास्ट कर गया। ब्लास्ट की आवाज काफी तेज थी। इससे कुछ देर के लिए वहां दहशत फैल गई।आवाज सुनकर बूथ पर सुरक्षा में तैनात जवान सतर्क हो गए। मतदान कर्मी भी काफी भयभीत हो गए।बाद में सुरक्षा बलों ने पड़ताल कर लोगों को आश्वस्त किया कि स्कूल के किचन में खाना बनाने के दौरान अचानक कुकर ब्लास्ट कर गया है।विद्यालय की माता समिति की महिलाएं जवानों के लिए खाना बना रही थीं।कुकर में दाल बन रही थी, तभी कुकर ब्लास्ट कर गया और किचन की एसबेस्टस की छत तोडते कुकर का ढक्कन बाहर जा गिरा।इस घटना में खाना बना रहीं माता समिति की महिलाएं बाल-बाल बच गईं।महिलाओं ने बताया कि कुकर का ढक्कन जाम था और उसकी सीटी भी नहीं बजती थी।विद्यालय के प्रबंधक को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन संज्ञान नहीं लिया गया।

## मोटर पंप चुराने वाले गैंग के तीन शातिर चोर गिरफ्तार, सामान बरामद

**पलामू ।** जिले के चैनपुर थाना पुलिस ने मोटर पंप चुराने वाले चोरों के एक गैंग को पकड़ा है। इनके पास से चोरी के 32 तरह के सामान बरामद किए गए हैं। इस सिलसिले में चैनपुर थाना क्षेत्र के दो और एक मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र से एक चोर को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही चैनपुर और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटर पंप चोरी की घटनाओं पर विराम लगने की संभावना है। चैनपुर थाना में इस संबंध में बुधवार शाम को जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार 19 नवंबर की रात्रि में चैनपुर-चांदो रोड में हसगड़ा शिव मंदिर के पास तीन व्यक्तियों को दो मोटर पंप एवं एक कैंचीनुमा कटर के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों लोगों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा मोटर पंप को अलगडीहा गांव से चोरी कर ले जाने की बात कही गई। बताया गया कि वे लंबे समय से चैनपुर और सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के खेत में लगे समरसेबुल पंप, मोटर स्टार्टर, स्टेबलाइजर चुराकर बेचते आ रहे हैं। वर्तमान में उनके पास चोरी के कई समरसेबल पंप, मोटर स्टार्टर, स्टेबलाइजर बेचने के लिए रखा हुआ है। उनकी निशानदेही पर छापामारी की गई।

## बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर में एक की मौत

**चतरा ।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गोमे की ओर से बुधवार को आ रहे बाइक सवार की रामपुर पहाड़ीतर गणेश होटल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के साथ टक्कर हो गई। बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरे घायल व्यक्ति को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मृत की पहचान दिनेश यादव उम्र 25 वर्ष ग्राम कारुडीह थाना प्रतापपुर के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक का नाम पप्पू यादव ग्राम कारूदीह है। जानकारी मिलती ही प्रतापपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## हटिया रेलवे स्टेशन के यार्ड में अग्निशमन यंत्र में लीकेज होने से चार कर्मी घायल

**रांची ।** रेलवे के हटिया यांत्रिकी विभाग में अग्निशमन यंत्र में लीकेज होने से बुधवार को चार रेल कर्मी घायल हो गए। इसमें एक कर्मी का पैर टूट गया। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, हटिया रेलवे स्टेशन के यार्ड में फायर एक्सटेंग्यूसर को जांच करने के क्रम में उसके नोजल में लीकेज हो गई। इसके प्रेशर के कारण सिलेंडर के इधर-उधर छिटकने से वहां मौजूद एक कर्मी का पैर टूट गया जबकि वहां मौजूद तीन अन्य लोगों को हल्की चोट आई। घायल कर्मी को राम प्यारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि घटना में चार लोग घायल हुए है। एक कर्मी का पैर टूट गया है। तीन कर्मियों को हल्की चोट लगी है। डीआरएम ने मामले की जांच का आदेश दिया है। पूरे घटना की जांच की जा रही है।

## रांची में हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**रांची ।** कोतवाली थाना पुलिस ने हथियार के बल पर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मैकी रोड में एक व्यक्ति हथियार के बल पर आसपास के लोगों को डरा-धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। इस दौरान पुलिस की टीम ने भाग रहे व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम गौरव कुमार गौतम है। वह वर्तमान में बरियातू थाना क्षेत्र के सोम बिहार भ्रम टोली का रहने वाला है। वह मूल रूप से बिहार के अरवल का रहने वाला है। इसके पास से एक बाइक और एक हथियार बरामद किया गया है। बरामद हथियार के संबंध में कागज की मांग किया गया, जिसपर पकड़ाये आरोपित ने कोई भी कागजात नहीं दिखाया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## झारखंड न बंटेगा न टूटेगा : कांग्रेस

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को कहा कि दूसरे चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को साफ संदेश दे दिया है कि झारखंड न बंटेगा न टूटेगा, झारखंडी एक हैं और एक रहेंगे। द्वितीय चरण के चुनाव में पिछली बार की अपेक्षा महागठबंधन को 10 सीट ज्यादा प्राप्त होगी और भारी बहुमत के साथ हम सत्ता में वापसी करेंगे। सिन्हा ने कहा कि भाजपा के घुसपैठ और बंटवारे की राजनीति को जनता ने झारखंड से बाहर का रास्ता दिखा दिया है और यह साफ कर दिया है कि झारखंड की सत्ता बांटने वालों के लिए नहीं जोड़ने वालों के लिए विकास की सोच रखने वालों के लिए है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने द्वितीय चरण के मतदान में जनकल्याण, जल, जंगल, जमीन और जनजातीय सभ्यता की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वोट कर यह साबित कर दिया कि सामाजिक न्याय की जीत तय है और वोटों के ध्रुवीकरण की हार है। उन्होंने चुनाव संपन्न होने पर राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवसरवादी राजनीति चुनिंदा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति और किसानों, नौजवानों, महिलाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाली भाजपा और उसके घटक दलों को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया ।

# तीनों विधानसभा क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 67 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गोड्डा ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को हुए दुसरे चरण के मतदान में जिले के तीनों विधानसभा 16 - पोड़ैयाहाट ,17- गोड्डा एवं 18- महागामा विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया, किसी भी विधानसभा क्षेत्र से किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी या परेशानी की सूचना सामने नहीं आई। कुल मिलाकर जिले में तकरीबन 67 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। जिसमें गोड्डा विधानसभा से सर्वाधिक 68.39, पोड़ैयाहाट विधानसभा से 68.35 तथा सबसे कम महागामा विधानसभा में 65. 11त्न मतदान दर्ज किया गया। हालांकि मतदान के शुरुआती क्षणों में जिले में काफी कम शुरुआत रही। जहां पहले चरण में 9ः00 बजे जारी बुलेटिन में गोड्डा जिला का प्रतिशत ही सामने नहीं आ पाया। वही धीरे-धीरे जैसे-जैसे दिन चढ़ती गई मतदाताओं का रुख मतदान केदो की ओर होना शुरू हुआ। और निर्धारित समय तक लोगों द्वारा बेहतर भागीदारी निभाते हुए जिले में 67 प्रतिशत मतदान किया गया।

**38 प्रत्याशियों की भाग्य का पिटारा हुआ बंद**

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन 965389 मतदाताओं में 67त्न लोगों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जहां जिले के 16- पड़ैयाहाट विधानसभा से चुनाव लड़ रहे 10 उम्मीदवार, 17- गोड्डा विधानसभा से चुनाव लड़ रहे 15 प्रत्याशी एवं 18- महागामा से चुनाव में शामिल 10 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा बुधवार शाम 5ः00 बजे बंद हो गया। मतदान के पश्चात सभी चुनाव कर्मी सुरक्षित मतदान पेटी को सिकटिया स्थित स्ट्रांग रूम में जमा करने की जद्दोजहद में देर रात तक लग रहे।

इसके साथ ही 38 प्रत्याशियों का भाग्य का पिटारा पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित बज्र गृह में बंद हो गया। जहां यह भाग्य का पिटारा 23 नवंबर को होने वाले मतगणना के दिन खुलेगा। देखने वाली बात यह होगी की तीनों विधानसभा से किसके किस्मत का सितारा बुलंद होगा।कहीं से कोई गड़बड़ी की नहीं मिली शिकायत

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जिले के होने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्र से कहीं भी मतदान के दौरान कोई गड़बड़ी की सूचना प्राप्त नहीं हुई। सभी जगह लोग शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य को संपन्न किया। हालांकि हल्की ठंड के दिन होने के बावजूद लोग सुबह से ही मतदान केदो पर पहुंचने का सिलसिला शुरू कर चुके थे।

जहां ठीक 7ः00 बजे मतदान प्रारंभ होते ही लोगों ने अपना मताधिकार का प्रयोग करना शुरू कर दिया। हालांकि इसमें तेजी दोपहर के बाद आई। जहां कई भूतों पर लंबी-लंबी कतार देखने को मिल रही थी लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह था आखिर हो भी क्यों नहीं लोगों को मिलने वाली यह अधिकार देश कीमती होता है और सभी जागरूक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर खुद को गौरवान्वित भी महसूस करते हैं।

**कई बूथों पर सुविधा रही नदारत**

मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर बेहतर व्यवस्था की बात कही गई थी। लेकिन कहीं-कहीं व्यवस्था काफी कमजोर नजर आई।

कई बुजुर्ग मतदाताओं ने व्हीलचेयर या आने जाने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। हालांकि मतदान करने की उत्साह के आगे व्यवस्था की कमी आड़े नहीं आई और कई वृद्ध एवं लाचार लोगों ने भी मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## प्रजातंत्र का महापर्व, गांव से लेकर शहर तक दिखा भारी रुझान



**जामताड़ा ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के द्वितीय एवं अंतिम चरण में जिले के दोनों विधानसभा जामताड़ा और नाला में बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कार्य संपन्न हुआ। छोटी मोटी दिक्कतों के अलावा सभी मतदान केदो पर समय से मतदान शुरू हुआ और समय पर ही संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर लोग जलपान से पूर्व ही मतदान के लिए आतुर दिखा दिखाई दिए, जिसके चलते मतदान आरंभ होने के साथ ही लंबी-लंबी कतारें दिखाई देने लगी थी। जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल 74.21 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि नाला विधानसभा में 78.75 प्रतिशत मतदान हुआ। उपायुक्त कुमुद सहाय और पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब सुबह से ही नियंत्रण कक्ष में बैठकर जिले भर में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखे हुए थे। जिले में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रीय घटना का समाचार प्राप्त नहीं हुआ है। पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे युवा मतदाताओं में भारी उत्साह दिखाई दिया। दूसरी तरफ बुजुर्ग मतदाता भी काफी बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लेते दिखाई दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत शहर की अपेक्षा ज्यादा रहा। शहरी क्षेत्र में भी बीते चुनाव की अपेक्षा ज्यादा संख्या में लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र के प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने आम मतदाताओं की सहायता के लिए विभिन्न प्रकार के इंतजाम किए हुए थे। पेयजल की व्यवस्था, जरूरतमंद लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचने में सहायता प्रदान करते हुए दिखाई दिए। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी मतदान केदो पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए। इसके अलावा चलंत गश्ती वाहन में सशस्त्र बल के साथ मजिस्ट्रेट मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते नजर आए। दो-तीन मतदान केदो से मतदान कर्मियों के तबीयत बिगड़ने की समाचार प्राप्त हुआ, जिसे स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा तत्काल उपचार दिया गया। मतदान का समय समाप्त होने के उपरांत प्रशासन की पूरी प्रशासन का पूरा ध्यान कटंकी स्थित पॉलिटेक्निक भवन की ओर चला गया जहां स्ट्रांग रूम के साथ मतगणना केंद्र बनाया गया है। अब दो दिनों तक ईवीएम के सुरक्षा की जवाबदेही अर्ध सैनिक बलों की होगी जो इस भवन के चप्पे चप्पे पर पहरा दे रहे हैं।




मध्य विद्यालय बालक पथरगामा बूथ संख्या 162



मतदान के बाद जलपान करते पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव

## छापेमारी में वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, चालक मौके से फरार



**गोड्डा संताल एक्सप्रेस ।**ः विधानसभा चुनाव 2024 के निमित पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा अवैध मादक पदार्थों को लेकर सघन गश्ती/छापामारी करने का आदेश प्राप्त है। उक्त आदेश के आलोक में गोड्डा जिला के सभी थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार छापामारी किया जा रहा था। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को एक गुप्त सुचना प्राप्त हुआ कि मोतिया ओपी अंतर्गत खटनई चौक होते हुए ग्राम आमड़ा कनौली स्थित प्रतापपुर हटिया के पास से एक काला रंग का स्कोर्पियो गाड़ी से अवैध विदेशी शराब बिहार कि ओर ले जाने वाली है। इस सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु तीन छापामारी टीम बनाकर कर अलग अलग रास्ता से भेजा गया। खटनई चेक पोस्ट पर सभी गाड़ियों को कड़ाई से चेकिंग की जाने के कारण वहाँ से काला रंग का स्कोर्पियों अमलो की ओर भागने लगा जिसे प्रतापपुर हटिया के पास स्थानीय लोगों के सहयोग से रोका गया। रोकने के क्रम में गाड़ी का चालक व अन्य अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे । तदोउपरांत छापामारी दल द्वारा संदिग्ध गाड़ी की सघन जांच करने पर भारी मात्रा में विदेशी शराब लदा हुआ पाया गया। अवैध विदेशी शराब के साथ स्कार्पियो रजि0 नंबर जेएच 01 एफएल 7429 को विधिवत जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है तथा संदिग्धों के विरुद्ध लगातार सघन छापामारी की जा रही है।

वहीं छापेमारी में रॉयल पार्टी 350 मिली, 25 पेटी, 24 पीस कुल 600 पीस, मैजिक मोमेंट 750 मिली का 20 पीस, ऑफिसर्स चोइस् 250 मिली, 10 पेटी 48 पीस कुल 480 पीस, सेवन पीएम का पाउच 250 मिली 7 पेटी 48 पीस कुल 240 पीस, रॉयल स्टेज कंपनी 750 मिली का 20 पीस, कुल 1360 पीस अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।



राजद प्रत्याशी पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने पत्नी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष कल्पना देवी के संग किया मतदान।



नाला के विभिन्न मतदान केंद्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ मतदान, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध



जामताड़ा झारखंड विधानसभा चुनाव



बिना व्हील चेयर के अन्य के सहयोग से मतदान कर लौटते वृद्ध महिला मतदाता, बूथ पर नही दिखा व्हील चेयर



गोड्डा उपायुक्त ने सपरिवार मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## वृद्ध मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया



**संवाद सहयोगी, कुंडहित** (जामताड़ा)वुधवार को विधानसभा चुनाव मे बजुर्ग मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर मताधिकार का प्रयोग कर देश की नागरिक होने का परिचय दिया। बजुर्ग होने के साथ मतदाताओ मे जोश देखा गया। सभी बजुर्ग मतदाताओ ने अपने अपने सहयोग से मतदान केन्द्र पहूँचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान मतदान केन्द्र 156 उत्कृमित मध्य विद्यालय रसुनपुर में 72 वर्षीय सावनी खॉ, 77 वर्षीय नित्य गोपाल खॉ, 74 वर्षीय शांतिराम मंडल सहित अधिकांश मतदान केन्द्र में बुजुर्ग एंव दिव्यांग मतदाताओं ने अपने अपने मतदान केन्द्र पहॅूचकर मताधिकार का प्रयोग कर देश की नागरिक होने का परिचय दिया। दिव्यांग एवं 80 वर्ष के उपर बृद्धाओ के लिये विशेष व्यवस्था था।विधानसभा चुनाव मे दिव्यांग एवं 80 वर्ष के उपर बृद्धा मतदाताओ को मतदान केन्द्र ले जाने के लिये प्रशासन की और से टेम्पु की व्यवस्था किया गया था। सभी पंचायत मे दिव्यांग एव बृद्ध मतदाताओ को मतदान केन्द्र ले जाने के लिये सेविका सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया के साथ स्वंय सेवको को काम में लगाया गया था। जिस कारण कुंडहित प्रखंड मे दिव्याग एवं बृद्धा मतदाताओ ने मतदाताओ ने गाडी के मतदान केन्द्र पहॅूचकर तथा मतदान केन्द्र में पहॅूचकर ब्हुल चेयर में बैठकर मताधिकार का प्रयोग किया गया।



मतदान केंद्र संख्या 311/312, (बालिका उच्च विद्यालय, गोड्डा) के प्रवेश द्वारा पर नाले का ढक्कन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, नहीं कराई गई मरम्मती। बीते लोकसभा चुनाव में मतदान कर लौट रही एक महिला का इस लोहे में फंस गया था पैर ।




मतदान के बाद उत्साहित प्रथम बार की मतदाता



वृद्ध मतदाता परमानंद मिश्रा, उम्र 85 वर्ष, कहा बूथ पर नही है व्हील चेयर की व्यवस्था। महज नाम का है आदर्श बूथ।




नदारद दिखा बालिका उच्च विद्यालय, गोड्डा का आदर्श बूथ की व्यवस्था

## नए मतदाताओं ने पहली बार किया अपने मताधिकार का प्रयोग



,कुंडहित (जामताड़ा)वुधवार को विधानसभा चुनाव के दुसरा और अंतिम चरण मे कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के नया मतदाताओ ने पहलीबार मतदान किया। इस दौरान मतदान संख्या 151 उच्च विद्यालय खजुरी मे कुछ नया मतदाताओ को पहलीबार मतदान करने को देखा गया। खजुरी के टीना सिंह, पुष्पा सिंह, एवं दीशा सिंह ने बतायी लोकतंत्र की महापर्व मे और राज्य के निर्माण के लिये अपने योगदान को देकर खुश महसुस कर रही हूॅ। मतदाताओ ने बताई हर कोई को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। ताकि राज्य तथा केन्द्र मे सशक्त सरकार बने ताकि देश मे विकास की गती को तेज मिले। मतदाताओं ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने तथा महिलओं के लिए उच्च शिक्षा कमी को दुर करने हेतु आने वाले विधायक एंव राज्य सरकार से मांग किया।




मतदान के बाद उत्साहित प्रथम बार की मतदाता

# दुमका में जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र में 71.74 फीसदी मतदान

## दुमका में हुआ 70.39 प्रतिशत मतदान



दुमका ब्यूरो

**दुमका।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मतदान समाप्ति के पश्चात बुधवार को प्रेस के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से मतदान संपन्न हो गया है।मतदाताओं ने सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया है। कहा कि शाम 5 बजे तक 07- शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा)विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में - 74.31 प्रतिशत,10- दुमका (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 70.39 प्रतिशत, 11-जामा (अ.ज.जा)विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 71.27 एवं 12-जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 71.22 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस प्रकार जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 71.74 है। उन्होंने बताया कि गोपीकांदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बारातल्ली बुथ संख्या 255 और दुवरिया प्रथम विद्यालय बुथ संख्या 263 पुल और सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार किया। बता दें कि दुवारिया में 4 और बारातली में 5 ही लोगों ने मतदान किया।

## पोड़ैयाहाट में 68.33 प्रतिशत मतदान



**सरैयाहाट ।** हल्की नोंक झोंक के बीच प्रखंड के सभी बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। हल्की ठंड के के बावजूद लगभग सभी बूथों पर सुबह सात बजे से ही मतदाताओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र में कुल 68.33 प्रतिशत लोगों ने अपने मतों का प्रयोग किया। जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा रही। प्रयोग किया जिनमेंविधि व्यवस्था को लेकर सुबह से ही एसडीपीओ अमित कच्छप, बीडीओ महेश्वरी यादव, सीओ राहुल शानू, सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, हँसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह बूथों का निरिक्षण करते रहें। मतदान को लेकर प्रखंड में बुजुर्गो और दिव्यांगों में भी उत्साह देखने को मिला। प्रखंड के सालजोरा बंदरी बूथ पर 97 वर्षीय स्वतंत्रता सैनानी चंद्रवती देवी ने भी मतदान किया। वहीं हँसडीहा, मरकुंडा, अम्बापाघर, ककनी सहित कई बूथों पर भी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता मतदान के लिए पहुंचे। प्रखंड के सपहा बूथ पर वॉलेंटियर के रूप में कार्यरत एक छात्रा ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर उन्हें पीटने का आरोप लगाया। वहीं चिलरा गांव के कुछ लोगों पर भाजपा के एक कार्यकर्ता ने मारपीट का आरोप लगाया। भाजपा कार्यकर्ता के अनुसार सुबह वे बूथ लिस्ट लेकर अपने बूथ एजेंट को देने जा रहे थे।

## जरमुंडी में 71.22 फ़ीसदी मतदान



**जरमुंडी ।** जरमुंडी में विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कार्य संपन्न हुआ। जरमुंडी में 159 मतदान केंद्रों पर 70.30 फीसदी मतदाता जबकि पूरे विधानसभा क्षेत्र में 300 मतदान केंद्रों में 71.22 फ़ीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। बुधवार को दिनभर मौसम बेहद सुहावना बना रहा। ज्यों-ज्यों दिन चढ़ता गया त्यों-त्यों मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता गया। पूरे जरमुंडी प्रखंड में मतदान व्यवस्था पर निगरानी को लेकर नियंत्रण कक्ष जरमुंडी प्रखंड कार्यालय बनाया गया था। जहां प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ कुंदन भगत, पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल व अन्य अधिकारी यहां से सभी बूथों से सम्पर्क बनाये हुए थे व आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

## शिकारीपाड़ा में 74.31 प्रतिशत मतदान



**शिकारीपाड़ा ।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण का मतदान बुधवार को शांतिपूर्ण ठंग से समापन हुआ है। यहां के हर बूथ पर सुबह से मतदाताओं का भीड़ लगा हुआ था। इस विधानसभा सीट से 11 प्रत्याशी मैदान थे। इन सभी प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। आपको बताते कि शिकारीपाड़ा विधानसभा में 74.31 प्रतिशत मतदान हुआ। राजनैतिक जानकारों के मुताबिक झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन और बीजेपी प्रत्याशी परितोष सोरेन के बीच मुकाबला होने का संभावना है। इसमें निर्दलीय प्रत्याशी का उस तरह से पकड़ मजबूत पूरे विधानसभा में देखने को नहीं मिला। हालांकि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता हैं। सबको 23 नवंबर को इंतजार करना होगा। प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक शांतिपूर्ण ठंग से चुनाव का समापन हुआ। हर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा पेट्रोलिंग कर विधि व्यवस्था का जयजा लिया गया।

## डायरिया महामारी का प्रकोप नहीं थम रहा, इलाज के दौरान एक मरीज की मौत

**शिकारीपाड़ा ।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में डायरिया महामारी का प्रकोप रुकने का नाम नहीं ले रहा है। डायरिया पीड़ित रोगियों की संख्या में प्रतिदिन बढ़ोतरी होती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला रोगी एलिजाबेथ मुर्मू पति बेटका मरांडी ग्राम सरसडंगाल की बुधवार को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में इलाज के दौरान मौत हो गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा के अनुसार एलिजाबेथ मुर्मू डायरिया से पीड़ित होकर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में भर्ती हुई थी। डायरिया कंट्रोल के बाद उसके सीने में दर्द की शिकायत होने पर चिकित्सक द्वारा उसे मंगलवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु डायरिया से नहीं बल्कि हृदय गति रुकने से हुई है। सरस डंगाल में डॉ गौरव भीम मुर्मू के नेतृत्व में डायरिया पीड़ितों के लिए शिविर का संचालन किया जा रहा है। बुधवार को शिविर में पांच और नए मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि पूर्ण रूप से डायरिया मुक्त होने तक शिविर का संचालन होता रहेगा।

## मशीन की तकनीकी खराबी से बीच में ही आधा घंटा मतदान हुआ बाधित

**हंसडीहा ।** विधानसभा चुनाव में पोड़ैयाहाट क्षेत्र के सरैयाहाट प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 340 राजकीय बुनियादी विद्यालय बनियारा में तकनीकी खराबी की वजह से मतदान वाधित हुआ. मतदान के दौरान बीच में ही करीब 11:37 बजे मशीन में गड़बड़ी आयी. जिसमें 875 मतदाता में 362 मतदान हो चुका था. मशीन की गड़बड़ी की सूचना मिलने के साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट दूसरी वीवी पैड मशीन लेकर पहुंचे. इसके बाद करीब 12:13 बजे से पुनः मतदान कार्य शुरू हो गया. इस दौरान करीबन आधा घंटा मतदान कार्य वाधित रहा. वहीं मशीन ठीक होने तक मतदाता कतार में लगे रहे.

## चोरडीहा, तिलवरिया के ग्रामीणों ने यूपीएस चोरडीहा में मतदान केंद्र बनाने की मांग की



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के पुतलीडाबर पंचायत अंतर्गत चोरडीहा, तिलवरिया के ग्रामीणों को गांव से पांच किलोमीटर दूर जाकर मतदान करना पड़ता है। जिस कारण गांव के बूढ़े-बीमार और दिव्यांग वोटरों को पांच किमी दूर जाने में व्यापक परेशानी होती है। यह मतदान केंद्र जरमुंडी बाजार से एक किमी और चोरडीहा गांव से पांच किमी दूर है। कुशबाद मवि स्थित मतदान केंद्र जाने में चोरडीहा तिलवरिया के ग्रामीण वोटरों को जसीडीह दुमका रेल लाईन के पार जाकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ग्रामीण वोटरों को खासी जद्दोजहद करनी पड़ती है। मतदान केंद्र कुशबाद में कुशबाद, चोरडीहा, तिलवरिया के वोटर हैं।इस बूथ में 1411 वोटर है, जिससे मतदान करने में काफी समय लग जाता है। लोगों को परेशानी भी होती है। चोरडीहा व तिलवरिया से मतदान केंद्र की लंबी दूरी पर अवस्थित होना ग्रामीण वोटरों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। जिसके कारण बहुत सारे मतदाता वोट देने से वंचित रह जाते हैं। इस संदर्भ में बुधवार को ग्रामीण मतदाता अमरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, अनिल मिस्त्री, जयनाथ महतो, श्रीकांत महतो, पवन मंडल, अमित वेद, अमर कुमार शर्मा, प्रमोद वेद एवं स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चोरडीहा में मतदान केंद्र बनाने की मांग की है।

## प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए लगी मतदाताओं की कतार



**रानीश्वर ।** रानीश्वर प्रखंड के सभी 88 मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय से मतदान शुरू हो गया। सादीपुर मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 236 एवं 237 में पुरूष एवं महिलाओं की अलग अलग कतार लगी है। सिधु कान्हू मेडिकल कालेज के डायरेक्टर राधेश्याम राय एवं प्राचार्य मीरा चौधरी ने मतदान केंद्र संख्या 237 पर मतदान किया। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने कनीय अभियंता सोमनाथ दत्त के साथ सादीपुर के मतदान केंद्र संख्या 236 एवं 237 के मतदान कार्य का जायजा लिया।साथ ही अपग्रेड हाई स्कूल कुमिरदहा बूथ के मतदान का जायजा लिया। समाचार लिखे जाने तक रानीश्वर प्रखंड में तकरीबन 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रखंड में लगभग 75 प्रतिशत मतदान होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है, क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो रहा है।

# देवघर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में रिकॉर्ड मतदान, महिलाओं और बुजुर्गों का दिखा खास उत्साह

## देवघर में 65.76, मधुपुर में 75.76, सारठ में 77.94 प्रतिशत हुआ मतदान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर,मधुपुर ।** देवघर जिले के 13 मधुपुर, 14 सारठ, और 15 देवघर विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के चुनाव के दौरान जोरदार मतदान हुआ। सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मतदाताओं में ऐसा उत्साह था कि बुजुर्गों और नए मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।13 मधुपुर विधानसभा में 75.76प्रतिशत, 14 सारठ में 77.94प्रतिशत, और 15 देवघर में 65.76प्रतिशत मतदान हुआ।
सुबह से ही मतदान केंद्रों पर महिलाओं, बुजुर्गों और युवा मतदाताओं में गजब का जोश नजर आया। सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मतदान किया।प्रशासन ने चुस्त व्यवस्था बनाए रखी
निर्वाची सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, सहायक निर्वाचक सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद और सेक्टर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बास्की लगातार सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते नजर आए। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना न आए।नेताओं और आम जनता ने मिलकर दिखाया उत्साह
झारखंड सरकार के मंत्री और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन ने अपने माता और परिवार के साथ मधुपुर तिलक कला मध्य विद्यालय में मतदान किया। कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने खलासी मोहल्ला पासवान टोला हिंदी उत्क्रमित विद्यालय में वोट डाला। वहीं, पूर्व सांसद प्रोफेसर सलाउद्दीन अंसारी ने खलासी मोहल्ला उर्दू मध्य विद्यालय में मतदान किया।मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। शांतिपूर्ण माहौल में यह चुनाव जनता के लोकतांत्रिक जोश और जिम्मेदारी का अद्भुत उदाहरण रहा।

# शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट पर झामुमो की जीत तय : नलिन सोरेन

संवाददाता



**काठीकुंड ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बुधवार को 38 सीटों पर वोटिंग हो रही है, जिसमें संथाल परगना की 18 सीटें शामिल हैं। दुमका सांसद नलिन सोरेन ने अपने पुत्र व शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन के साथ काठीकुंड प्रखंड के शिवतला सरकारी विद्यालय स्थित बूथ संख्या 29 पर मतदान किया। बताते चलें कि दुमका सांसद नलिन सोरेन लगातार सात बार शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है7 2024 के लोकसभा चुनाव में जब वे सांसद बन गए तो झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस बार शिकारीपाड़ा क्षेत्र से उनके पुत्र आलोक कुमार सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। नलिन सोरेन का कहना है कि जिस तरह जनता ने मुझे 35 वर्षों से विधायक बनाया, इस बार मेरे पुत्र आलोक कुमार सोरेन को अपना आशीर्वाद देगी। इस बार भी शिकारीपाड़ा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत सुनिश्चित है।
मौके पर शिकारीपाड़ा विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन ने अपनी जीत को सुनिश्चित बताते हुए कहा कि जनता हमारे साथ है। उन्होंने कहा कि लोग धर्म जाति से ऊपर उठ कर झामुमो के साथ आ रहे हैं। आलोक सोरेन ने कहा कि राज्य में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बनेगी और हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। बहरहाल अपनी अपनी जीत को लेकर इंडिया गठबंधन व एनडीए के प्रत्याशी आस्वस्त है, लेकिन इस पर असली मुहर मतगणना के दिन 23 नवंबर को लगेगी।

## मतदाता अपने मताधिकार से न रहे वंचित : डीसी



संवाददाता

**देवघर ।** विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर जिले के 15-देवघर, 14-सारठ, 13-मधुपुर विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी विशाल सागर ने परिवार के साथ अपने बूथ पर अपने मताधिकार का उपयोग किया,जहाँ बीएलओ द्वारा गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। इसके अलावा मतदान के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने जिलावासियों से आग्रह किया कि अपने घरों से निकलें और अपने परिवार के साथ मतदान की प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## चुनाव के दौरान ड्यूटी में पक्षपात के आरोप में दो पोलिंग अफसरों के खिलाफ एक्शन

संवाददाता

**देवघर ।** झारखंड विधानसभा चुनाव में 20 नवंबर को दूसरे चरण के तहत 38 सीटों पर वोट डाले गए। वोटिंग को लेकर मतदाताओं में जागरूकता देखने को मिली। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर वोटरों की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाएं जो आमतौर पर घर का कामकाज निपटाने के बाद वोट डालने के लिए आती हैं, वह भी सुबह-सुबह वोट डालने के लिए पहुंची। वोट डालने के बाद एक महिला वोटर ने कहा कि वोट डालने के बाद बेहद खुशी हो रही है। चुनाव में सभी को यह अधिकार मिला है कि वह अपने मत का प्रयोग करें। मैंने आज अपने मत का प्रयोग किया है। एक पुरुष मतदाता ने कहा है कि 20 साल से मतदान कर रहे हैं। यह हमारा अधिकार है। मैं चुनाव में अपने अधिकार का इस्तेमाल जरूर करता हूं। एक अन्य वोटर ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मैं विकास को ही मुख्य मुद्दा मानता हूं। झारखंड में मैंने विकास के नाम पर वोट किया है। चुनाव के दौरान ड्यूटी में पक्षपात के आरोप में झारखंड में दो पोलिंग अफसरों के खिलाफ एक्शन भी लिया गया। इनमें एक देवघर के पीठासीन अधिकारी हैं, उन्हें ड्यूटी से हटा दिया गया है। इन्हें वोट कास्टिंग कंपार्टमेंट के निकट पाया गया। वहीं दूसरे मधुपुर के पीठासीन अधिकारी हैं जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्हें हिरासत में लिया गया है। झारखंड में दूसरे और अंतिम चरण में 12 जिलों की 38 सीटों पर कुल मिलाकर 14 हजार 219 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। इनमें 31 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां शाम चार बजे तक ही मतदान किया गया। अन्य सीटों पर शाम पांच बजे तक वोट डाले गए। मतदान केंद्रों और पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 585 कंपनी, जैप (झारखंड आर्म्ड फोर्स) की 60 कंपनी के अलावा जिला बल और होमगार्ड के 30 हजार जवानों को तैनात किया गया था। इस चरण में कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनकी किस्मत तय करने की जिम्मेदारी कुल 1 करोड़ 23 लाख 58 हजार 195 मतदाताओं पर है।

## बारातल्ली 255 और दुवरिया बूथ 263 में ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

संवाददाता

**गोपीकांदर ।** गोपीकांदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बारातल्ली बुथ संख्या 255 और दुवरिया प्रथम विद्यालय बुथ संख्या 263 पुल और सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार किया। बता दें कि दुवारिया में 4 और बारातली में 5 ही लोगों ने मतदान किया। दुवरिया प्राथमिक विद्यालय पुराना मतदान केंद्र 263 में तीन गांव कोचापानी, तालबेड़िया और दुवारिया के कुल 688 मतदाता हैं। जिसमें 80+ के पांच और दिव्यांग मतदाता तीन है। वोही बारातलली मतदान केंद्र 255 में 9 गांव के कुल 817 मतदाता है बारातलली में वोही कुल आबादी दो हजार के करीब है। बीते सोमवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा बारातलली गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ वार्ता किया था लेकिन ग्रामीण पुलिया और सड़क की मांग पर रहे थे। वोही दुवारिया के तीन गांव के लोगों ने प्रशासन से लिखित आवेदन मांग कर पुलिया निर्माण हेतु आश्वासन होने जा रहा था लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई लिखित नही गया जिस कारण लोगों ने वोट नहीं किया। वोही दोपहर बाद दुवारिया में 4 और बारातलली में 5 मतदान होनी की खबर मतदान केंद्र के पदाधिकारियों ने बताया है। वोही एक मामला बुड़ीचापड़ मतदान केंद्र 240 में



### दो मतदाताओं का फर्जी तरीके से मतदान करने का आरोप

बूथ संख्या 240 में मतदाताओं के साथ अलग ही मामला देखने को मिला। दो मतदाताओं ने आरोप लगाया है कि उनका वोट कोई और व्यक्ति देकर चला गया है। मतदाता देवगी मुर्मू और सुतीसल मुर्मू ने बताया कि वह जब वोट देने के लिए मतदान केंद्र पहुँचे तो पदाधिकारी द्वारा वोट नहीं देने की बात कही। पूछने पर बताया कि दोनों ही व्यक्ति मतदान कर चुका है। सुतीसल और देवगी ने आरोप लगाया है कि फर्जी तरीके से उनका मतदान दूसरे व्यक्ति कर दिया है। वह दोनों ही मतदान करने के लिए पर्ची लेकर कतार में खड़ा था लेकिन केंद्र के अंदर उन्हें पता चला कि उनका वोट कोई और व्यक्ति कर दिया है। केंद्र में उपस्थित पीठासीन पदाधिकारी मामले को लेकर कुछ भी बोलने से इनकार किया है। मामले को लेकर नोडल पदाधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। जानकारी लेकर जांच करते है। बता दें कि गोपीकांदर प्रखंड में 40 बुथ, 10 सेक्टर और 8 कलेस्टर हैं।

## स्वच्छ मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद : मुन्नम संजय

संवाददाता

**देवघर ।** जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने झारखंड विधानसभा आम चुनाव के दूसरे चरण में देवघर जिला के चारों विधानसभा में शान्ति पूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए जिला पुलिस प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक शांति पूर्ण तरीके तथा स्वच्छ मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। साथ ही सभी उन्होंने सम्मानित मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हैं कहा कि सभी ने इस महापर्व में सम्मिलित होकर निर्भिक रुप से अपना बहुमूल्य मतदान किया।

## जरमुंडी विस चुनाव : कंट्रोल रूम से पल-पल की जानकारी ले रहे थे पदाधिकारीगण



**जरमुंडी ।** झारखंड विधानसभा आमचुनाव 2024 हेतु द्वितीय चरण का मतदान जरमुंडी विधानसभा सभा क्षेत्र में छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा।कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं आई। जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया था। जरमुंडी बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी कुंदन भगत के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक कर्मियों की टीम, प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों से समन्वय स्थापित कर रहे थे। इस दौरान किसी मतदान केंद्र में वीवीपैट बदलने, मतदान कर्मी के अस्वस्थ होने अथवा किसी अन्य प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर त्वरित समाधान किया गया। बीडीओ कुंदन कुमार भगत लगातार अपने टीम के साथ मतदान अवधि पूर्ण होने तक एवं टीम के वापस मुख्यालय पहुंचने तक पूरी सक्रियता के साथ कार्य में लगे रहे। इस दौरान वे जरूरी दिशा-निर्देश देते रहे। इस दौरान एक मतदान केंद्र में मोकपोल के दौरान वीवीपैट बदलने की सूचना मिली। मतदान केंद्र संख्या- 90 में मॉक पोल के दौरान वीवीपैट बदला गया। जबकि कुल छह मतदान केंद्रों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पी-2 (पीठासीन पदाधिकारी) को बदला गया। इसमें मतदान केंद्र संख्या- 149, 157, 25, 43, 141, 117 में पीठासीन पदाधिकारी को बदला गया।

# साहिबगंज के लोगों ने चुनाव में लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा





**साहिबगंज संताल एक्सप्रेस संवाददाता।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल,बोरियो एवं बरहेट विधानसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। जहां पुष्टि के अनुसार शाम 7ः00 बजे तक में राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान 68.92 प्रतिशत,बोरीयो विधानसभा क्षेत्र में 65.85 प्रतिशत एवं बरहेट विधानसभा क्षेत्र में 66.13 प्रतिशत मतदान हुआ।कुछ जगह ईवीएम मशीन खराब होने की भी शिकायत मिली। मतदाताओं ने काफी संख्या में जमकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें महिलाओं की संख्या भी काफी सराहनीय रही। बुजुर्ग एवंदिव्यांग मतदाताओ ने भी इस पर्व में काफी कष्ट सहकर मतदान केंद्र पहुंचाकर वोट डाला। जो दोनों पैर से चलने में मजबूर है वह भी वाकर के सहारे पोलिंग बूथ पहुंचे।ह्वीलचेयर में बैठकर बड़तल्ला स्थित मतदान केंद्र तक परिवार के सदस्यों ने लाया व मतदान किया। इसी तरह अन्य कई निशक्त मतदाताओ ने भी मतदान किया।बूथ में महिलाओं की भीड़ काफी अधिक देखी गई।मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती ने भी कई बुथों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश भी दिए गए। राजमहल विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 44 में भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा ने अपना मतदान किया एवं लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं भाजपा के बीच सीधी लड़ाई के बीच चुनाव को दिलचस्प बनाने वाले निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव भी मतदान केंद्र संख्या 45 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं साथ ही लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी लोग लोकतांत्रिक परिवार को हंसी-खुशी मना रहे हैं।



## मतदान कर्मी की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इनकम टैक्स कार्यालय परिसर में मतदान केंद्र संख्या 107 मे मतदान कर्मी की हालत अचानक बिगड़ गई मतदान कर्मी की हालत बिगड़ते देख जिला प्रशासन के द्वारा उसे फौरन इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉ कृष्णा केशव के द्वारा मतदान कर्मी का इलाज फौरन प्रारंभ कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स कार्यालय के मतदान केंद्र संख्या 107 पर शिक्षा विभाग के शिक्षक पटवारी सोरेन मतदान पदाधिकारी के रूप में चुनाव कर्य में लगे थे. साढे तीन से चार बजे के बीच उनकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया.जहां इलाज के बाद मतदान कर्मी पटवारी सोरेन की तबियत डॉक्टर के देखरेख में सुधार है 7

## करीब 40 मिनट तक ईवीएम मशीन खराब होने से बाधित रहा मतदान

**संवाददाता** साहिबगंज। विधानसभा चुनाव 2024 में दौरान बुधवार को शहर के दो मतदान केंद्र पर ईवीएम मशीन खराब होने से करीब 40 मिनट तक मतदान बाधित रहा। दोनो जगह एक ही समय 11ः39 बजे ईवीएम में खराबी आ गई थी। इसके चलते मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार इसमे एक मजहरटोला स्थित नाचघर बूथ संख्या 85 व प्रखंड कार्यालय स्थित बूथ संख्या 83 में ईवीएम में तकनीकी खराबी आने से वोट का पर्ची नही निकला। इसपर मतदाताओं ने हो हल्ला करना शुरू कर दिया। तत्काल मतदान को रोकना पड़ा। इसके दौरान विलंब होने पर कई मतदाता बिना मतदान किये ही घर लौट गए। वही 40 मिनट बाद ईवीएम मशीन ठीक होने पर मतदान शुरू हुआ। मतदाताओं ने राहत की सांस ली है।



## अज्ञात लोगों ने चार युवक को पीटकर किया घायल



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के साक्षरता चौक के समीप मंगलवार की रात अज्ञात लोगो द्वारा चार युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर चारो घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद चारों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल में गाजियाबाद के सागर चौबे(24), नवादा के विकास सुमन(23), सहरसा के विपुल झा(26) व करुणा निधि(36) है। जानकरी के अनुसार चारो युवक फोर व्हीलर से आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने घेर कर उनलोगों के साथ मारपीट की है। वही इस मामले में पुलिस छानबीन में जुटी है।



## मंडरों प्रखंड के 67 मतदान केन्द्रो पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न



**संवाददाता**
**मंडरो,साहिबगंज।** विधानसभा चुनाव के दुसरे चरण को लेकर बोरियो विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड मे 67 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।जहाँ बीडीओ मेघनाथ उरांव व मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के द्वारा सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई थी।सभी मतदान पर सुरक्षा बल कड़ी व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे से मतदान आरंभ किया था।जबकि शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान में बोरियो विधानसभा के सभी उम्मीदवारों के भाग्य को बुधवार को मतदाता ने ईवीएम में कैद किया है। बताते चले की साहिबगंज जिला में भी तीन विधानसभा सीट पर जिसमें राजमहल,बोरियो और बरहेट में मतदान हुआ है।



झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन ने मतदान किया।

## दियारा क्षेत्र के बूथों में नाव और ट्रैक्टर से पहुंचे वोटर

साहिबगंज /जिला के गंगा से सटे दियारा क्षेत्र के बूथों में सदर प्रखंड क्षेत्र के बूथ नंबर 49, 50, 51, 52, 59 व 60, राजमहल प्रखंड क्षेत्र के बूथ नंबर 115 व 116, उधवा प्रखंड क्षेत्र के बूथ नंबर 347 व 371 में सुबह से मतदाताओं की भीड़ थी। नाव और ट्रैक्टर के सहारे मतदाता अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान करके वापस लौटे। मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया।



## पार्टी के अहित व अनुशासनहीनता को लेकर झामुमो ने दो को किया निष्कासित।

**साहिबगंज।** झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहाँ अंसारी ने बुधवार को प्रेस प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव

2024 में इंडिया महागठबंधन झामुमो प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले मोहम्मद नईम शेख राजमहल से पौलूस मुर्मू बोरिया से इन दोनो पार्टी के अहित एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए इन दोनों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

## डीसी व एसपी ने किया मतदान







पुलिस लाइन स्थित मध्य विद्यालय में स्थित बूथ संख्या 88 में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव में कतार में लगकर मतदान किया। डीईओ सह डीसी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में एक नागरिक की तरह वोट देकर खुद को सशक्त महसूस किया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है।

## डीसी ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला वासियों एवं मीडिया का जताया आभार



**साहिबगंज** जिले के उपयुक्त हेमंत सती ने विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न होने पर जिले की जनता राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। उपयुक्त हेमंत सती ने मतदान समाप्ति के बाद अपने कक्षा में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय 5ः00 बजे तक की समाप्ति तक राजमहल विधानसभा क्षेत्र में 65.25त्न बोरियों विधानसभा क्षेत्र में 65.72त्न तथा बरहेट विधानसभा क्षेत्र में 66. 13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। डीसी ने कहा कि पूरे जिले में किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना का कहीं से भी कोई समाचार प्राप्त नही हुआ है। हालांकि डीसी ने बताया कि कई मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया अभी भी जारी है इसलिए मतदान प्रतिशत में बदलाव हो सकती है।

## बोरियो विधानसभा के मंडरो के मतदाताओं में दिखा उत्साह

मतदान को लेकर बोरियो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडरो प्रखंड में मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह 6ः30 बजे से ही मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र महिला, पुरुष एवं युवा फर्स्ट टाइम वोटर्स पहुंचकर मतदाता लाइन में लग गए थे। जबकि इस विधानसभा चुनाव मे अधिक मतदाता अपने घरों से निकले जिसके कारन मतदान का प्रतिशत बढ़ा।साहिबगंज जिला के बोरिया विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण मे मतदान हुआ।जिसमें मतदाता अपने पसंद के उम्मीदवारों को अपना मत देकर उनका भाग्य ईवीएम में कैद कर दिया।बोरियो विधानसभा क्षेत्र मे कुल 15 प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे।इंडिया गठबंधन के झामुमो उम्मीदवार धनंजय सोरेन ने प्रखंड के मतदान मध्य विद्यालय बेलभद्री प्रधानटोला मे बने केंद्र संख्या 48 में अपना मतदान किया।

## मोटर पंप चुराने वाले गैंग के तीन चोर गिरफ्तार

**पलामू, ।** जिले के चैनपुर थाना पुलिस ने मोटर पंप चुराने वाले चोरों के एक गैंग को पकड़ा है। इनके पास से चोरी के 32 तरह के सामान बरामद किए गए हैं।इस सिलसिले में चैनपुर थाना क्षेत्र के दो और एक मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र से एक चोर को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही चैनपुर और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटर पंप चोरी की घटनाओं पर विराम लगने की संभावना है।चैनपुर थाना में इस संबंध में बुधवार शाम को जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार 19 नवंबर की रात्रि में चैनपुर-चांदो रोड में हसगड़ा शिव मंदिर के पास तीन व्यक्तियों को दो मोटर पंप एवं एक कैंचीनुमा कटर के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों लोगों से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा मोटर पंप को अलगडीहा गांव से चोरी कर ले जाने की बात कही गई।बताया गया कि वे लंबे समय से चैनपुर और सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के खेत में लगे समरसेबुल पंप, मोटर स्टार्टर, स्टेबलाइजर चुराकर बेचते आ रहे

**पूर्व रेलवे**

**ठिका़ खो़बो़र सं याः ईएल-57-24; मा़हित 19.11.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नोवाको का़मी का़उडी रूप ते दाड़े मेनाक्को आर से वैध विद्युतीय ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्को ठिका़दारको ठेन खो़न नोवाको का़मी ला़गित् ई-ठिका़ नेवतायेत् कानाः का़मी रेयाक् ञुतुम **सांवते ओना रेयाक् जायगाः** (क) आसनसोल मंडलः कालुबथान, जसीडीह, चित्तरंजन, सिमुलतला एमान रे बाड़िच् बाड़ावाकान टैंकको/आरसीसी टैंकको सांवते आरसीसी ओएच टैंकको सांवते पाइपलाइन बो़दो़ल आर सर्कुलेटिंग एरिया रे एमान तेयाक् सोंगें का़मीको। (ख) आसनसोल मंडलः एईएन/मधुपुर ता़री रे विद्यासागर स्टेशन रे नावां ओएच टैंक बेनाव सांवते जल आपूर्ति प्रणाली जा़सतीय सांवते एमान तेयाक् सोंगे का़मी। **ठिका़ रेयाक् पूंजीः रु** 34,35,464.90। **बायना पायसाः** रु 68,700। **ठिका़ कागो़ज रेयाक् गो़नो़मः शून्य।** का़मी पुरा़उ **रेयाक् सो़मो़यः** 09 चान्दो। ठिका़ बो़दो़क् **आर झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़यः** 12.12.2024 हिलो़क् सेताक् 11.00 बजे। पुरा़उ बिवरो़न दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाईट www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-232/2024-25)

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# रांची एसएसपी आर सिटी एसपी दो़ मतदान केंद्रकोकिन ओ़नमान केदा

**खोबोरिया**

**रांची।** केटेच् सुरक्षा बेबो़सता ताला रे दोसार हा़टिञ रे रांची जिला रेयाक् बारया विधानसभा सीट रे सा़गुनमाहां हिलोक् वोटिंग दो़ तोंगे गेया। सिल्ली आर खिजरी रे नापाय ते भो़ट भोराव दो़ होयोक् काना। नोआ ताला रे एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा दो़ सिल्ली विधानसभा रेमतदान केंद्रकोय ओ़नमान केदा।

रांची पुलिस दो़य नेहो़रात्कोआ जे भो़ट भोराव हो़ड़ दो़बिनबो़तो़र सालाक् ते भो़ट दो़ भोरावपे। सुरक्षा रेयाक् केटेच्बेबो़सता होय आकाना। नोंडे मेनाक्को पुलिसकर्मी दो़ एसएसपीयेबातलावात्कोआ। आर से नो़ते, रांची रेन सिटी एसपी राजु कुमारमेहता खिजरी विधानसभा टोठा रेयाक् तुपुदाना टोठा रे बूथकोय ओ़नमानेत् काना। टोठा रे शांति सालाक् ते भो़ट भोराव दो़ तोंगे गेया। दुमका- 20, फेटो- 00, कैप्शन- रांची एसएसपी और सिटी एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण।



## रामगढ़ रे बूथ रे मो़ने लुभा़उ केंद्र बेनावेना सेल्फी प्वाइंट




**खोबोरिया**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा टोठा रेयाक् बूथ रे बेनावेना सेल्फीप्वाइंट दो़ हो़ड़को ला़गित् मो़ने लुभा़उ केंद्र बेनावेना। मॉडल बूथ आर महिला बूथ रे चुनाव आयोगाक् बातलाव रे बेनावेन सेल्फी पॉइंट रे हो़ड़ दो़ खुप् फेटोको हाताव केदा। भो़ट भोराव तायो़मभो़ट भोराव हो़ड़ दो़ नोआ रेयाक् रा़सका़को हाताव केदा। जुवा़न, हाड़ाम-बुढ़ी आर मायजीउ भो़ट भोक्रावको रे नोआ रेयाक्क्रेज ताहेंकाना। नोआ सांव-सांवते अधिकारी हो़ं सेल्फी पॉइंट खो़नबेगार रे दो़ बाको ताहें दाड़ेयादा। छत्तरमांडू मतदान केंद्र रेमोटामुटी जो़तो़ अधिकारीकोवाक् ञुतुम वोटर लिस्ट रेमेनाक्आ। जाहांतिना़क् अधिकारी नोआ बूथ रे भो़टको भोराव केदा ओनको हो़ंको सेल्फीयेना आर ओना दो़ सोशल मीडिया रेको पोस्टकेदा।

## जामताड़ा रे कुष्ठ तेको जा़बुनाकान भो़ट भोराव हो़ड़को भोराव केदा आपनार भो़ट

**खोबोरिया**

**रांची।** विधानसभा चुनाव रेयाक् दोसार हा़टिञ रे जामताड़ा रेयाक्हांसीपहाड़ी रे मेनाक् स्नेहपुर रे सा़गुनमाहां हिलोक् कुष्ठ तेकोजा़बुनाकान भो़ट भोराव हो़ड़को ला़गित् बेनावाकात् विशेष मतदान केंद्र रे जो़तो़ भो़ट भोराव हो़ड़ भो़टको भोराव केदा। सामुदायिकभवन रेयाक् मतदान केंद्र (362क) मिहिजाम रे मेनाक् स्नेहपुर कुष्ठ आश्रम दो़ सहायक मतदान केंद्र रूप रेको बेनाव आकादा।

मतदान केंद्र सं या रे जो़तो़ कुष्ठ तेको जा़बुनाकान भो़ट भोराव हो़ड़ दो़ नोंडेनाक् सुबिसताको आर से मतदान केंद्र रे रैंप, व्हील चेयर, ञुयदाक्, बिजली सांवते एमान तेयाक् आसो़ल जिनिसको रेयाक् सुबिसताको छाडा वॉलिंटियर हो़ंको सारहाव केत्कोआ।



## जावांयतेत्ए चालावेना बिदेश ते कामाव .... एरततेत्ए दा़ड़ केदा तेञाङ

### 5 लाख टाका पायसा आर जेवरात सालाक् तेकिन दा़ड़ केदा मुंबई

**खोबोरिया**

**कुशीनगर ।** उत्तर प्रदेश रेयाक् कुशीनगर जिला रे मित्टेन मामलासो़दो़राकाना। नोंडे पायसा कामाव विदेश तेय चालावाकान मित्टेन जुवा़न रेन एराततेत् दो़ उनी बा़गी काते आच् तेञाङ सोंगेय दा़ड़तापकेदा। 5 बो़छो़र तायो़म विदेश खो़ने रूवा़ड़ेन तायो़म जुवा़न दो़ पुलिसे ला़यात्कोआ जे इञ रेन ओड़ाक् हो़ड़ दो़ लाख-लाख टाका आरजेवर सालाक् ते आच् रेन दुला़ड़ गाते (तेञाङ) सोंगेय दा़ड़ताप् केदा। आर से नो़ते पुलिस दो़ मामला रेयाक् जांच रेको जुटा़वेना।विदेश कामावे चालावाकान मित्टेन जुवा़न रेन एराततेत् दो़ उनीबा़गीआटो काते ओड़ाक् रे ताहेंकान पायसा आर जेवर सालाक् ते आच् रेन दुला़ड़ गाते तेञाङ सोंगेय दा़ड़ताप् केदा। पारोमेन अप्रैल 2019 रे सऊदी अरब ते कामाव ला़गित्इञ चालाव लेना।ओना ताला रे इञ रेन ओड़ाक् हो़ड़ाक् ओको-चोको सा़गाई दो़आच् तेञाङ सोंगे जोड़ावेन ताया। थोड़ा चान्दो हा़बिच् दो़ खुप्किनगालमारावेना। ओना तायो़म उनकिन दो़ (जुवा़न रेन एराततेत् आर दुला़ड़ गाते तेञाङ) दो़ ओड़ाक् रे ताहेंकान 5 लाख टाका पायसा आर जेवरात सालाक् तेकिन दा़ड़ताप् केदा।



सांवते मित्टेन कुड़ीगिदरा़ आर कोड़ा गिदरा़ हो़ंकिन इदि तोरावाकात्किना। तिन दो़दुखा़ली कोड़ा 5 बो़छो़र तायो़म अक्टूबर 2024 हिलोक् सऊदी अरबखो़न ओड़ाक् तेय रूवा़ड़ेना, खान एराततेत् सोंगेय गालमाराव केदा आरे बुझा़उ बाड़ावादेया मेनखान एराततेत् दो़ सोंगे ते ताहेंन दो़ बाय रेबेन लेना। ओना तायो़म दुखा़ली कोड़ा दो़ पुलिस ठेन ला़लिस काते बिचा़र काताय ला़गित्ए नेहो़रेना।

## नड्डा दो़य ञेल केदा द साबरमती रिपोर्ट मेन केदाय- सा़री काथा ओकोय रेयाक् कुरूमुटू लेना

**नावां दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी रेन राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डादो़ दिल्ली रेयाक् दरियागंज रे मित्टेन मल्टीप्लेक्स रे खो़बो़रिया़को सालाक् ते ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म रेयाक्विशेष स्क्रीनिंग रेय सेलेत् एना। नोआ ओ़पसो़र रे खो़बो़रिया़कोसोंगे गालताराव तुलुच् नड्डा दो़य मेन केदा जे नोआ दो़ आ़डीतेत्दुखा़ली आर सा़री काथा काना, नोआ रे का़टिच् गिदरा़, मायजीउसांवते 59 गो़टेच् हो़ड़ दो़ जिवेत् तेको जुंडीयात्को ताहेंकाना आरसा़री काथा दो़ जो़तो़ हो़ड़ सामाङ ते आ़गुय रे मोटामुटी 22बो़छो़र लागावेना। गोधरा रेयाक् पुरा़ सच्चाई जो़तो़ हो़ड़ सामाङ तेआ़गुय ला़गित् आ़डी माराङ कुरूमुटू काना, नोआ ला़गित् ते इञ दो़''द साबरमती रिपोर्ट'' रेन पुरा़ टीमिञ सारहावेत्कोआ आरओनको दो़ आसो़कायतेञ सारहावेत्कोआ। नोआ ओ़पसो़र रे भाजपारेन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, भाजपा रेन राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह आर प्रदीप भंडारी सांवतेपार्टी रेन आयमा पदाधिकारी हो़ंको सेटेराकान ताहेंकाना आर ओनको हो़ं ''द साबरमती रिपोर्ट'' रेयाक् स्पेशल स्क्रीनिंग रेको सेलेत् एना। नड्डा दो़य मेन केदा जे आ़डी भाबना काथा ताहेंकाना जेतुष्टिकरण रेयाक् राजनीतिय वाला कांग्रेस सांवते यूपीए दो़ गोधराकांड रेयाक् सा़री काथा दो़ ओकोय रेयाक्ए कुरूमुटू लेदा, उन ओ़कते सोनिया गांधी यूपीए रेन चेयरपर्सनए ताहेंकाना। ला़ई चाल काथा लेकाते ले ट लिबरलाक् हो़ं कुरूमुटू ताहेंकाना जे सा़री काथा दो़ आलो सो़दो़रो़क्मा। ला़ई चाल काथा लेकाते लिबरल रेनमित्टेन 'इको सिस्टम' दो़ नोआ रे दापाल रेयाक्ए कुरूमुटू आकादा।

### रांची रे खाण्डा-बाण्डा सालाक्को साप् केदेया मित् हो़ड़

**रांची।** कोतवाली थाना पुलिस दो़ खाण्डा-बाण्डा रेयाक् जोर ते हो़ड़धो़मकाव वाला मित्टेन दुसीको साप् केदेया। कोतवाली डीएसपी प्रकाशसोए दो़ सा़गुनमाहां हिलोक्ए ला़ई केदा जे भितरी-भितरी ते खो़बो़रञामलेना जे कोतवाली थाना टोठा रेयाक् मैकी रोड रे मित्टेन हो़ड़ दो़ खाण्डा-बाण्डा जोर ते आडे-पासे रेन हो़ड़े धामकावेत्कोआ आरेबो़तो़र ओचोयेत्कोआ। ओना तायो़म पुलिस रेन टीम दो़ ओन्डेको सेटेरेना, खान पुलिस ञेलते उनी दो़ दा़दा़ड़े लागावेना। ओनका रे पुलिस टीम दो़ दा़दा़ड़ेत्कान ताहेंन हो़ड़को लागा साप्केदेया आर उनी ठेन खो़न मित्टेन देशी कट्टाको ञाम केदा। साप् केदे हो़ड़ाक् ञुतुम दो़ गौतम कुमार गौतम काना। निया़हा़ली उनी दो़बरियातू थाना सोम विहार भ्रम टोली रेन ताहेंनो़क् वाला कानाय। उनी दो़ मूल रूप ते दो़ बिहार रेयाक् अरवल रेन ताहेंनो़क् वाला कानाय।नुई ठेन खो़न मित्टेन बाइक आर मित्टेन खाण्डा-बाण्डाको ञाम केदा।ञामकेत् खाण्डा-बाण्डा रेयाक् कागो़च केदेया, नोआ रे उनी दो़ जाहांन कागो़च दो़ बाय उदुक् लेदा। ओना तायो़म पुलिस दो़ उनीको साप्केदेया।

## लॉ रेन पा़ठवा़ दो़ गाते कोड़ावाक् ओड़ाक् इदी कातेक् लो़टघुटीको का़मी केदा, गाते दो़ वीडियोको बेनाव केदा मित् चोन्दो़ हा़बिच् धामकाव कातेक् लो़टघुटी, पा़ठवा़ दो़ गो़जो़क् ला़गित्ए कुरूमुटू केदा

**खोबोरिया**

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश रेयाक् विशाखापट्टनम रे मित्टेन लॉ रेन पा़ठवा़ सांवते पोनया कोड़ा दो़ लो़टघुटीको का़मी केदा। उनीयाक् बा़पुड़िच् वीडियो बेनाव कातेक् मित् चान्दो हा़बिच् उनीको ब्लैकमेलेकान ताहेंकाना। हुदिस आर हो़ड़मो़ ते आ़ड़िस काते दुखा़ली पा़ठवा़ दो़ गो़जो़क् रेयाक्ए कुरूमुटूलेत् ताहेंना। ओना तायो़म मामला दो़ बाडाय ञाम आकाना। पुलिस दो़ पोनया दुसीको साप्केत्कोआ। मीडियावाक् निपोर्ट लेकाते विशाखापट्टनम पुलिस आयुक्त दो़य मेन केदा जेदुखा़ली पा़ठवा़ रेन दुला़ड़ गाते (वामसी) आर उनी रेन पेया गाते दो़नोआ का़मी रेन दुसी कानाको। पुलिसाक् ला़ई लेकाते आसो़ल दुसी दो़ वामसी आर लॉ रेन पा़ठवा़ मोटामुटी मित् बो़छो़र खो़नरिलेशनशिप रेकिन ताहेंकाना आर 13 अगस्त 2024 हिलोक् उनी दो़कुड़ी कृष्णा नगर बाजार रेयाक् बंदरगाह रे आच् रेन गातेकोवाक् रूम तेय इदी केदेया, ओका दो़ उनी सांवते लो़टघुटीकोका़मी केदा। पुलिस दो़को मेन केदा जे ओना तायो़म ते पेया गाते दो़ओन्डेको सेटेरेना आर वीडियोको बेनाव केदा। कुड़ी रेन दुला़ड़ गातेयाक् गो़ड़े ते दुसी दो़ उनी दुखा़लीयाक् विडियो ञुतुम तेधामकाव आर ब्लैकमेल कातेक् पा़ठवा़ सांवते बाड़िच्को का़मीकेदा। आयमा चान्दो हा़बिच् ब्लैकमेल आर हुदिस आर हो़ड़मो़ तेको दिकदिका़व केदे तायो़म दुखा़ली दो़ 18 नवंबर हिलोक् गो़जो़क्रेयाक्ए कुरूमुटू केदा। मेनखान आपाततेत् दो़ ओ़कते रेय बांचाव केदेया। ओना तायो़म कुड़ी दो़ आको ओड़ाक् रेन हो़ड़ नोआघो़टना बाबो़त रेय ला़यात्कोआ। नोआ मामंला रे दुखा़लीयाक् ला़लिस लेकाते पुलिस दो़ मामला ओ़ल राकाप् कातेक् पोनया दुसीको हाजो़तकेत्कोआ। ओना रे दुखा़ली रेन दुला़ड़ गाते वामसी आर उनी रेन पेया गाते सेलेत्को ताहेंकाना। पुलिसाक् ला़ई लेकाते पोनया दुसी दो़न्यायिक हिरासत रेको कोल केत्कोआ। पुलिस दो़को ला़ई केदा जेदुसी बिरूद रे आ़डी केटेच् कार्रवाई होयोक्आ। घो़टना तायो़म दुखा़ली आर उनी रेन ओ़ड़ाक् हो़ड़ दो़ दुक रे मेनाक्कोआ। नोन्डेदुखली रेन ओड़ाक् हो़ड़ दो़ दुसी केटेच् खो़न केटेच् सा़जाई एमाको ला़गित् तेको खो़ज केदा।

## नापारा हाड़ाम हो़ड़ दो़ बाडको को़सटो़लेना भो़ट भोराव ला़गित्

**खोबोरिया**

**रामगढ़ ।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव रे हाड़ाम हो़ड़ भो़ट एमो़कइच् हो़ं सा़गुनमाहां हिलोक् आ़डी रा़सका सालाक्ए सेलेत् एना। सेताक् 7:00 बजे जेमो़न गे पा़हिल धाव भो़ट एमो़क् वाला भो़क्रावको बूथ तेको सेटेर एना। ओनका गे हाड़ाम हो़ड़ाक् लाईन दो़ लागाव एहो़प् एना।लोकतंत्र रेयाक् नोआ पो़रो़ब रे हो़ड़मो़ ते को़मजो़र मेनाक्को हो़ड़ दो़ नोआ धाव जाहांन मुसकिलाक् दो़ बाको आटकार लेदा। ढेर उमा़रान हो़ड़ दो़ भो़ट एमो़क्को ला़गित् ते रैंप आर व्हीलचेयरएबेबो़सता आकात् ताहेंकाना। नोआ जो़तो़ बेबो़सता रेयाक् बेवहार होयेना आर भो़ट प्रतिशत रे नोआ रेयाक् कुड़ाई हों ञेलेना।उमा़रान भो़ट भोरावको हो़ड़ दो़ भो़ट भोराव कातेक् लोकतंत्र रेयाक् पो़रो़ब रेको सेलेत् एना। सांवते गे चुनाव आयोग होतेते बेबो़सता आकात् ताहेंन सुबिसता हो़ंकोसारहाव केदा। उमा़रान हो़ड़ दो़ ''पहले मतदान फिर जलपान'' ला़गित् तेको गो़टा आकात् ताहेंना। ओनको दो़ घारो़ंज सांवते बूथ रेकोसेटेरेना, नोन्डे हा़बिच् भो़ट भोराव तायो़म सेल्फी हो़ंको हातावकेदा। व्हीकलचेयर रे दुडुप् आकान उमा़रान हो़ड़ दो़ लोकतंत्र रेयाक् नोआ पो़रो़ब रे नोंकाको सेलेत् एना जेमो़न एहो़प् धाव भो़ट एमो़क् ला़गित् तेको सेलेत् आकान लेका।



## रामगढ़ रे डीसी-एसपी दो़ लाईन रे तेंगो कातेक्किन भोराव केदा भो़ट



**खोबोरिया**

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार आर एसपी अजय कुमार दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् छत्तर मांडू मांडू उच्च विद्यालय रेयाक् बूथ नंबर 109 रे लाईन रे तेंगोकातेक् भो़टकिन भोराव केदा। सांवते गे रामगढ़ विधानसभा टोठा रेन जो़तो़ भो़ट एमो़क्को ठेन भो़ट भोराव ला़गित् ते हो़ंकिननेहो़रात्कोआ। डीसी दो़य मेन केदा जे नित हा़बिच् ते भो़ट भोरावको दो़ आ़डी रा़सका़ सालाक् तेको सेलेत् आकाना। तिना़क्को सारेच्आकान भो़ट भो़रावको, ओनको दो़ ओ़ड़ाक् खो़न ओडोको़क्पे आरमताधिकार बेवहारपे। उनी दो़य ला़ई केदा जे मायजिउकोवाक् बूथ रेहों लाईन दो़ मेनाक् गेया। मॉडल बूथ रे हो़ं भो़ट भोरावकोला़गित् ते आ़डी मो़ंजको बेबो़सता आकात् ताहेंना। लोकतंत्र रेयाक् नोआ पो़रो़ब रे हो़ड़ दो़ आ़डी रा़सका़ सालाक् तेको सेलेदो़क् काना।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका़ खो़बो़र**

भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न नोवाको का़मी फान्डावबाखरा तकनीकी दाड़े, का़उडी दाड़े आर आनाटकार मेनाक् ताकोप्रतिष्ठान/एजेंसीको/संवदकको ठेन खो़न ''टू पैकेट बिड'' रे ई-ठिका़नेवतायेत् काना। **i) बिड संख्या आर मा़हित:** e-tender Notice No.MC-06-OPEN-2024-25 मा़हित: 18/11/2024 **ii) का़मी रेयाक् ञुतुम,जायगा आर पुरा़उ सो़मो़य:** धनबाद कोचिंग डिपो खो़न चालाक् वाला गा़डीको रे सवारी डिब्बा़को रेयाक् यंत्रीकृत साफाय, धनबाद रे टर्नराउंड/प्लेटफॉर्म रूवा़ड़ो़क् गा़डीको साफाय आर धनबाद डिपो छाटका रेयाक् पोन (04) बो़छो़र ला़गित् साफाय। का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य: 04 बो़छो़र। **iii) का़मी रेयाक् मो़ट पूंजी:** रु24,27,45,454.60 (चौबीस करोड़ सताईस लाख पैंतालीस हजार चार सौ चौवनरूपये और साठ पैसे) सुमुङ। **iv) बायना पायसा:** रु 13,63,800.00 (तेरहलाख तिरेसठ हजार आठ सौ रुपये) सुमुङ। 1) **ई-ठिका़ बो़ंदो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** ता़रीक 09.12.2024 हिलोक् 12:00 बजे। ई-ठिका़ झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य: ता़रीक 10.12.2024 हिलोक् 12:00 बजे। **vi) प्री-बिड मीटिंग मा़हित आर सो़मो़य:** 25.11.2024- 10:30 बजे। प्री-बिड मीटिंग जायगा: वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)/धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद **vii)** वेबसाईट बिवरो़न: http://www.ireps.gov.in ई-ठिका़ ता़री रे मैनुअल दारखास दो़ बाङ आंगो़चो़क्आ।

**डी.इ.एन.एच.एम./धनबाद**

**पीआर/01548/डीएचएन/यांत्रिक/टी/24-25/44**


## एंगात-आपात मिला़उ कातेकिन गो़च् केदेया कोड़ा

**खोबोरिया**

**रांची।** रांची रेयाक् ठाकुरगांव थाना टोठा रे एंगात-आपात मिला़उ काते आ़किन रेन कोड़ा गिदरा़किन गो़च् केदेया आर गो़च् हो़ड़मो़ दो़ ओड़ाक् रे बो़ंद कातेकिन दा़ड़ताप् केदेया। घोटना रेयाक् बानाडाय ञाम तायो़म ठाकुरगांव पुलिस दो़ ओ़न्डेकोसेटेरेना आर जांच पड़ताल काते गो़च् हो़ड़मो़ दो़ पोस्टमार्टम ला़गित् रि स तेको कोल केदा। सांवते पुलिस दो़ दुसी सेंदराकिन रेको लागावाकाना।

ञाम आकान बानाडाय लेकाते, ठाकुरगांव थाना टोठा रेन गिरा़बासीमदन पाहन (20) दो़ लासेर छुरी तेकिन हेलेच् गो़च् आकादेया। जो़तो़ खो़न हाहाड़ा काथा दो़ नोआ काना जे मदन दो़ जाहांय दुशमन दो़ बाको गो़च् आकादेया, बिचको़म मदन दो़ उनी रेन आपाततेत् फुलेश्वर पाहन आरउनी रेन एराततेत् ता़किनकिन गो़च् आकादेया। टोठाकिया़ हो़ड़दो़को मेन केदा जे मदन रेन एंगाततेत् दो़य गो़च् चुका़वाकाना। ओना तायो़म मदन रेन आपात फुलेश्वर पाहन दो़ दोसार धावे बापलावाकान ताहेंकाना। का़की गो़गो़ सालाक् ते मदनाक् सा़गाई दो़ मो़ंज बाङ ताहेंकान ताया। पेने हो़ड़ मित् गे तालावको झोगड़ाक्कान ताहेंकाना। आयमा धाव ते हो़ंको दाल-तापाम आकाना। टोठाकिया़ हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते, बालेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ हो़ं मदन आर आच् रेन आपात आर का़की गो़गो़ ताला रे झोगड़ा होयआकान ताहेंकाना। आ़डी ञिन्दा़ हा़बिच् दाल-तापाम होयोक् तेगेताहेंयेना। तायो़म ते एकदो़म तेको थिर चाबावाकान ताहेंकाना मेनखान आदहा ञिन्दा़ जुरी-पा़री दो़ ओका तेचो़किन चालावेना। ओना तायो़म बाडायेना जे मदन गो़च् कातेकिन दा़ड़ताप् आकादा। नोआ बाबो़त रे सा़गुनमाहां हिलोक् ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार दो़य ला़ई केदा जे ओड़ाक् रेयाक् झोगड़ा रे मदन पाहनदो़किन गो़च् केदेया। उनी रेन आपात आर का़की गो़गो़ ता़किनगेकिन गो़च् केदेया। दुसी सेंदराकिन रेको जा़पुत्एत् काना। गो़च् हो़ड़मो़ दो़ पुलिस पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल केदा। पुरा़उ मामला रेयाक् जांच पड़ताल चालाक् काना।


**विधानसभा आम चुनाव, 2024**

**कार्यालयः– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, दुमका**

**(व्यय लेखा जाँच कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित विधानसभा क्षेत्र 10–दुमका (अ0ज0जा0), 07 शिकारीपाड़ा (अ0ज0जा0), 11–जामा (अ0ज0जा0) एवं 12–जरमुण्डी के अंतर्गत सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन व्यय लेखा पंजी को अंतिम रूप से भरकर समर्पित करने के लिए अभ्यर्थी/प्राधिकृत अभिकर्ताओं को संक्षिप्त व्यय विवरणी को विहित प्रपत्र में भरने एवं e-filing के लिए प्रशिक्षण देने और लेखा समाधान बैठक हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित किया जाता है, जो निम्न प्रकार से है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Training Programme एवं Procedure of e-filing of Accounts | दिनांक–16.12.2024 समयः–12:30 बजे अपराह्न | समाहरणालय, सभागार, दुमका |
| 2 | Account Reconciliation Meeting | दिनांक–19.12.2024 समयः–11:00 बजे पूर्वाह्न | समाहरणालय, सभागार, दुमका |

PR 340218 Election (24-25)D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, दुमका।

# आम व खास लोगों ने किया मतदान

## देवघर : मतदाताओं में वोट देने के बाद दिखा उत्साह

**रामा कान्त मालवीय**



वोट केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि एक पवित्र कर्तव्य है, जो हमारे भविष्य की दिशा निर्धारित करता है।लोकतंत्र के प्रति सर्वोच्च दायित्व का निर्वहन। आज अपने परिवार के सदस्यों संग अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया। देवघर सहित पुरे झारखंड विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं से अपील है कि निरंतर विकास और लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।विकसित झारखंड के लिए मतदान करें, नया झारखंड गढ़ें।

**ध्रुव प्रसाद साह,**
**आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव**



देवघर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैंने भी अपना मतदान किया.भारतीय संस्कृति योग,आयुर्वेद,एवं सनातन धर्म की रक्षा करने वाली सरकार बनेगी। युवाओं को रोजगार की आवश्यकता है,ऐसे भी सत्ता परिवर्तन होनी चाहिए।

**अनुज कुमार त्यागी**
**जिला अध्यक्ष पतंजलि**



देवघर विधानसभा में बहुत ही ज्यादा समर्थन मिला है भाजपा के पक्ष में इसलिए यहां से भाजपा जीत रही है,और इस बार झारखंड में भी भाजपा सरकार हमलोगों का बनने जा रहा है।

**सर्वोत्तम बरनवाल**
**( अध्यक्ष ) बरनवाल युवक संघ, देवघर**



झारखंड के लोगों को बदलाब के लिए वोट किया.वोट का परसेंटेज देख एनडीए का सरकार बनता दिख रहा है.मुझे लगता है एनडीए को 40-45 सीट आ सकती है.झारखंड के लोग मोदी की गारेंटी को वोट किया है.झारखंड के वोटर ने साइलेंट वोट किया है एनडीए को.

**डॉ.राजीव रंजन, देवघर**



देवघर विधानसभा क्षेत्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय केनमनकाठि में मैंने पहली बार मतदान किया और युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन. झारखंड में युवाओं को रोजगार के साथ सरकार के द्वारा जो भी वैकेंसी आती है सभी युवाओं को लाभ मिले इस उद्देश्य से मैंने मतदान किया और मैं कहना चाहता हूं कि सभी लोग मतदान करें और देश और राज्य को बदलें.

**संतोष कुमार, केनमनकाठि**



देवघर विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान कर उत्साहित हूँ।
राज्य में ऐसी सरकार हो जो विकाश करें. अच्छी शिक्षा और बेरोजगारी पर विशेष ध्यान दें।

**रिशु राय, देवघर**



विधानसभा इलेक्शन में मतदाता वार्ड नंबर 20 के बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया और अपने मत का उपयोग किया वार्ड नंबर 20 के मतदाता किशोर नारायण खवाड़े एवं उनके पुत्र कुणाल खवाड़े द्वारा अपने मत का उपयोग करते हुए अपनी बूथ म्युनिसिपल स्कूल में अपना मत अपना अधिकार का प्रयोग किया.

**कुणाल खवाड़े**



प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सह पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मणि शंकर ने आज बूथ संख्या - 236 आर मित्र उच्च विद्यालय में प्रातः मतदान किया। मतदान करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मणि शंकर ने यह विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काबिज होने जा रही है।

**मणि शंकर**



लोकतंत्र में अपने अधिकारों के प्रयोग करके काफ़ी ख़ुशी और गर्व महसूस हो रहा है। झारखंड में ऐसी सरकार बनाना चाहती हूं जिसमें भ्रष्टाचार न हो और युवाओं के भविष्य एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए काम करे और जो देशहित में काम कर विश्व स्तर पर हमारे झारखंड का नाम रोशन करे।

**प्रियंका सिन्हा**



## राज्य में बेरोजगारी, महिला सुरक्षा युवाओं के रोजगार को ध्यान पर रखकर किया गया मतदान

**ग्राउंड जीरो से संताल एक्सप्रेस टीम की रिपोर्ट**

**एस.के.झा.सुमन**

**दुमका ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे 38 सीटों और अंतिम चरण का चुनाव बुधवार को संपन्न हो गया । जिसमें संथाल परगना में कुल 18 सीट हैं। दुमका जिले के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा क्षेत्र में दुमका, शिकारीपाड़ा, जामा और जरमुंडी हैं। दुमका विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मसलिया प्रखंड के हरोरायडीह पंचायत, रांगा पंचायत शिकारीपाड़ा विधानसभा के लिए गंध्नरकपूर पंचायत और जामा विधानसभा के चिंगल पहाड़ी पंचायत बूथ पर पहुंचकर वोटरों से की बातचीत।

---

**क्या कहते हैं वोटर**

आदिवासी बहुल जामा विधानसभा के अंतर्गत चिंगल पहाड़ी पंचायत बूथ पर 816 वोटर हैं। इस बुक पर सबसे ज्यादा महिला वाटर 425 और पुरुष वोटर 351 है। मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी जिसमें महिला और पुरुष के अलग-अलग लाइन थे। पीठासीन अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि सुबह के 8:30 तक 152 लोगों ने मतदान कर दिया है। वहां पर मतदान कर आए कुछ मतदाताओं से संथाल एक्सप्रेस की टीम ने खड़े युवा से की बातचीत तो उन्होंने बताया कि अभी हम लोगों ने मतदान नहीं किया है सभी वृद्धि और महिलाओं को मतदान करवा लेने के बाद हम लोग मतदान करेंगे। वर्तमान विधानसभा चुनाव में वोट करते समय उनकी सोच और मुद्दा पूछने पर उन्होंने कहा कि अभी पूरे राज्य में महिला सम्मान और विकास को ध्यान में रखकर मतदान किया जा रहा है।

### महिला मतदाता ने क्या कहा



शांति सोरेन

चिंगल पहाड़ी पंचायत मतदान केंद्र में मतदान करने आई 35 वर्षीय महिला शांति सोरेन ने कहा कि सरकार के द्वारा महिलाओं को सम्मान मिला है उम्मीद है इससे भी ज्यादा मिले।इसी सोच के साथ हम मतदान किया है।

---

**चिंगल पहाड़ी बूथ के पुरुष मतदाता ने युवा के भविष्य को देखकर किया मतदान**



सुरेश मुर्मू

चिंगल पहाड़ी पंचायत मतदान केंद्र के युवा सुरेश मुर्मू ने कहा कि बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है और हम इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसी सोच के साथ हम मतदान करेंगे।

---

**मतदान के लिए वृद्धो ने सुरक्षा और पेंशन को ध्यान में रख कर किया मतदान**

मसलिया प्रखंड के हरोरायडीह बुथ पर मंदराडीह गांव के 75 वर्षीय



मुनसा सोरेन

मुनसा सोरेन मतदान कर वापस आ रहे थे तो उनसे जब पूछा गया की क्या सोचकर अपने मतदान किया तो उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के लिए बहुत सारी योजना चला रखी है जैसे आवास, पेंशन और मुफ्त में अनाज इसे ध्यान में रखकर मतदान करेंगे।

---

**युवाओं ने अपने उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर किया मतदान**



दुलाल पंडित

शिकारीपाड़ा विधानसभा के लिए गंध्नरकपूर बुथ के मतदाता ने 19 दो युवा मतदान के बाद बाहर निकलते हुए जब मुलाकात हुई तो उनसे पूछा गया कि आपकी प्राथमिकता क्या है तो उन्होंने कहा कि युवा रोजगार के लिए परेशान है। अपने उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर किया है मतदान।

---



सुबरोजित मंडल

**परिवर्तन के लिए किया मतदान**

दुमका विधानसभा के अंतर्गत आने वाले रांगा बूथ पर एक अधेड़ दुलाल पंडित से जब मतदान को लेकर बात की गई तो उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा एवं आवास को ध्यान में रखकर मतदान करने की बात बताई। इसके साथ-साथ महंगाई के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है। हम परिवर्तन के लिए मतदान करेंगे।



























स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686